

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

2 पेज | पेज 7



ग्वालियर: वर्षः 3 : अंकः 80 | ग्वालियर बुधवार, 80 दिसम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### सरकार चाहती है देश में न फैले कोरोना



**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस का बढ़ता खतरा को देखते हुए आज (27 दिसंबर) देशभर के अस्पतालों में कोविड-19 मॉक ड्रिल कराया गया. मॉक ड्रिल का मकसद इक्विपमेंट, प्रोसेस और मेन पावर से जुड़ी तैयारियों को परखना था. भारत सरकार इस बाद कोरोना से लड़ने के लिए अपनी तैयारियों को पूरी तरह से टाइट रखना चाहती है. इसी को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने भी दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में कोविड से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की. उनकी देखरेख में मॉक ड्रिल कराया गया. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया भर में कोविड की स्थिति को देखते हुए सभी अधिकारियों को सतर्क रहने के लिए कहा है. चीन के मामलों में विस्फोटक इजाफे के बाद पूरी दुनिया कोरोना को लेकर अलर्ट हो गई है. केंद्र सरकार ने पिछले हफ्ते से अब तक कई बैठकें की हैं. सरकार हर तरह से सुनिश्चित करना चाहती है कि वायरस न फैले.

**सफदरजंग अस्पताल की तरह रहें तैयार**–स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अगर खतरे की स्थिति पैदा होती है तो अस्पताल कोरोना से निपटने के लिए तैयार रहें. दिल्ली का सफदरजंग अस्पताल पूरी तरह से तैयार है, हम चाहते हैं कि अन्य अस्पताल भी तैयार रहें. राज्य के स्वास्थ्य मंत्री यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर जगह प्रोटोकॉल का पालन किया जाए. स्वास्थ्य मंत्री ने ट्विटर पर ड्रिल में भाग लेते हुए अपनी फोटो भी शेयर कीं.

### विधायक गोपाल मंडल का बेटा गिरफ्तार, एसआईटी ने दबोचा



**भागलपुर।** जेडीयू विधायक गोपाल मंडल के बेटे आशीष मंडल को एसआईटी की टीम ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया. आशीष मंडल समेत चार लोगों पर जमीन विवाद को लेकर गोलीकांड मामले में वारंट जारी किया गया था. इसी मामले में एसआईटी की टीम ने तिलकामांझी शीतला स्थान के पास से आशीष मंडल को दबोच लिया. कुछ दिन पहले गोपाल मंडल के बेटे आशीष मंडल ने अपने रेस्टोरेंट में धूमधाम से क्रिसमस का सेलिब्रेशन किया था. इस दौरान उसने कहा था कि उसके पिता गोपाल मंडल किसी से नहीं डरते और वो भी किसी से नहीं डरते. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा था. अब एसआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है. बेटे की गिरफ्तारी के बाद गोपाल मंडल की पत्नी सविता देवी ने कहा वह नगर निगम के चुनाव के तहत मेयर पद की प्रबल दावेदार हैं. उनका मेयर बनना सुनिश्चित है. लोगों को इससे परेशानी हो रही है और उनके राजनीतिक करियर में दाग लगाने की कोशिश की जा रही है. चुनाव में खलल डालने के लिए विरोधियों ने ऐसा किया है. कहा कि उनका बेटा निर्दोष है. बिना वारंट के उनके बेटे को पकड़ा गया है जो कहीं से सही नहीं है. तिलकामांझी के शीतला स्थान रोड के समीप विधायक गोपाल मंडल की पत्नी के प्रचार प्रसार का कार्यालय था. आशीष प्रचार की तैयारी में लगा हुआ था. इसी दौरान पुलिस पहुंची और उसे पकड़ लिया. इस मामले में भागलपुर के एसपी शुभम आर्य ने कहा विधायक गोपाल मंडल के बेटे के अलावे अन्य चार अभियुक्त हैं जिन्हें हम लोगों ने कई दिनों से चिह्नित कर रखा था. एसआईटी की टीम ने आशीष को दबोचा है. बाकी अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया जाएगा.

### कर्नाटक के दुकानदार की हत्या का मामलाः 29 दिसंबर तक बढ़ाया गया कर्फ्यू



**दक्षिण कन्नड़।** कर्नाटक पुलिस ने मंगलवार को एक दुकानदार की हत्या के बाद बढ़े तनाव को देखते हुए कन्नड़ जिले में मंगलुरु पुलिस आयुक्तालय के चार पुलिस थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया गया। दरअसल, कृष्णापुरा के रहने वाले अब्दुल जलील की बदमाशों ने शनिवार रात हत्या कर दी थी, जिससे सांप्रदायिक रूप से तनाव पैदा हो गया। हालांकि पुलिस ने मामले को सुलझा लिया और घटना के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि जलील की हत्या एक महिला से प्रेम संबंध के चलते की गई थी। पुलिस ने कृष्णापुरा निवासी शैलेश पुजारी (21), उडुपी के पास हेजामाड़ी से सविन कंचन (24) और कटिपल्ला निवासी पवन (23) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, जलील की राशन की दुकान थी और छह साल से एक दर्जी महिला के साथ उसके संबंध थे। उन्हें पहले उनकी दुकान पर जनता द्वारा रंगे हाथ पकड़ा गया था। एक स्थानीय निवासी ने उन्हें इस संबंध को जारी नहीं रखने की चेतावनी दी थी। पुलिस आरोपी व्यक्ति की तलाश कर रही है, क्योंकि जांच से पता चला है कि उस व्यक्ति ने ही इसकी योजना बनाई थी। 24 दिसंबर को आरोपी दुकान में घुस गया और जलील को रिश्ते से पीछे हटने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। उसी रात जलील की गला रेतकर हत्या कर दी गई। इस मामले को विपक्षी कांग्रेस ने विधानसभा में चर्चा के लिए उठाया था। वरिष्ठ नेताओं ने हत्याओं के मामले में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा पर हमला किया, जहां मुसलमान पीड़ित हैं और हिंदू आरोपी हैं।

# पीएम मोदी ने सदैव अटल पर पूर्व प्रधानमंत्री को किया नमन

नई दिल्ली। देशभर में 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 98वीं जंयती मनाई जा रही है. भारतीय जनता पार्टी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को गुड गवर्नेंस डे रूप में मनाती है. इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी रविवार की सुबह उनके समाधि स्थल सदैव अटल पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान गायक अनूप जलोटा ने सदैव अटल पर हुई श्रद्धांजलि सभा में पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी के पसंदीदा भजन गाए.

पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सदैव अटल पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की है. वहीं, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण और हरदीप सिंह पुरी, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत अन्य मंत्रियों और नेताओं ने भी पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी को नमन किया है. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती



को देशभर में भारतीय जनता पार्टी सभी बूथों पर बड़े स्तर पर मना रही है, जिसमें पूर्व पीएम की कविताओं पर आधारित काव्यांजलि कार्यक्रम किए जा रहे हैं. वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात का आज सुबह 11 बजे प्रसारण होगा. बीजेपी के नेता-मंत्री और कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों के साथ मन की बात सुनेंगे.

## सीमा विवाद पर महाराष्ट्र सरकार ने विधानसभा में पास किया प्रस्ताव



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के साथ सीमा विवाद पर महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसहमति से पास किया गया. प्रस्ताव में कहा गया कि कर्नाटक के बेलगांव, कारवार, निपानी शहर के साथ 865 गांव की इंच-इंच जमीन महाराष्ट्र में समाविष्ट करने के लिए सभी आवशक कानून पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सरकार कदम उठाएगी. प्रस्ताव में कहा गया कि सीमा विवाद के गांव में रहने वाले लोगों के साथ महाराष्ट्र सरकार पूरी ताकत के साथ खड़ी रहेगी. महाराष्ट्र सरकार ने विधानसभा में बताया कि जल्द ही इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार को भेजा जाएगा.

**केंद्र से शिंदे की अपील**–महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रस्ताव को पढ़ते हुए कहा, केंद्र सरकार को केंद्रीय गृह मंत्री के साथ बैठक में लिए गए निर्णय को लागू करने के लिए कर्नाटक सरकार से आग्रह करना चाहिए और सीमावर्ती क्षेत्रों में मराठी लोगों की सुरक्षा की गारंटी देने के लिए सरकार को समझाना चाहिए.

**कर्नाटक ने भी पास किया था प्रस्ताव**–गौरतलब है कि कर्नाटक विधानसभा ने बीते गुरुवार को मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई द्वारा राज्य के हितों की रक्षा के लिए सीमा विवाद पर एक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया था. बीजेपी कर्नाटक के साथ-साथ महाराष्ट्र में भी सत्ता में है, जहां वह शिवसेना के शिंदे नेतृत्व वाले गुट के साथ गठबंधन में है. महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सदन को आश्वासन दिया था कि हम एक इंच के लिए भी लड़ेंगे. हम कर्नाटक में मराठी भाषी आबादी के न्याय के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, करेंगे.

**1957 से चल रहा है सीमा विवाद**–सीमा का मुद्दा भाषायी आधार पर दोनों राज्यों के पुनर्गठन के बाद 1957 से है. महाराष्ट्र बेलगावी पर दावा जाता है जो तत्कालीन बॉम्बे प्रेसीडेंसी का हिस्सा था, क्योंकि वहां अच्छी-खासी तादाद मराठी बोलने वाले लोगों की है. उसने 814 मराठी भाषी गांवों पर भी दावा जताया है जो अभी दक्षिणी राज्य का हिस्सा हैं.

## पीएम मोदी के भाई की कार डिवाइडर से टकराई, परिवार के सदस्यों को आई हल्की चोटें

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के छोटे भाई प्रह्लाद मोदी की कार का एक्सीडेंट हो गया. वे अपने परिवार के साथ मैसूर से बांदीपुरा की ओर जा रहे थे. उस दौरान उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई. सभी को इस दौरान हल्की चोटें आई. परिवार को मैसूर के जेएसएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है. गाड़ी में परिवार के कई सदस्य मौजूद थे. प्रह्लाद के साथ उनके बेटे मेहुल भी थे. मेहुल के बच्चे भी उस दौरान गाड़ी में ही थे. इस दौरान मैसूर के बांदीपुरा में उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई. गाड़ी डिवाइडर पर जा टकराई. इसी वजह से ये दुर्घटनाग्रस्त हुई. जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, उसमें देखा जा सकता है कि गाड़ी के आगे वाला हिस्सा बुरी तरह से ध्वस्त हो चुका है. एक टायर भी फट गया. सभी का इलाज पास के अस्पताल में जारी है. प्रह्लाद मोदी हमेशा राजनीति से दूर रहे हैं. हालांकि वे सामाजिक कार्यों में खुद को व्यस्त रखते हैं. वे वाइस प्रेसिडेंट हैं. उनकी ओर से कई मौकों पर राशन के अधिक दाम वाला मुद्दा उठाया गया है. ऐसा बताया जाता है कि मोदी जब गुजरात के सीएम हुआ करते थे, उस समय भी प्रह्लाद की ओर से इस मुद्दे को उठाया गया. उनकी मांग थी कि गरीबों को सही दाम पर राशन दिया जाए.



## चंदा कोचर और उनके पति को नहीं मिली हाईकोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआईसीआई बैंक की पूर्व एमडी और सीईओ चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली. दोनों ने सीबीआई द्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी करार देते हुए हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. कोर्ट ने उनके याचिका पर सुनवाई करने से इंकार कर दिया. वैकेशन कोर्ट ने कहा कि वो इस मामले में दखल नहीं देगा. कोर्ट ने चंदा कोचर और उनके पति को छुट्टियां खत्म होने के बाद रेग्युलर बेंच में याचिका लगाने को कहा है. चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को सीबीआई ने वीडियोकॉन ग्रुप को कर्ज दिए जाने में अनियमितताएं बरतने को लेकर बीते हफ्ते गिरफ्तार किया था. सीबीआई ने वीडियोकॉन के मालिक वेणूगोपाल धूत को भी गिरफ्तार किया है. चंदा कोचर और उनके पति ने कोर्ट से कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत बिना किसी मंजूरी के उन्हें गिरफ्तार किया गया है. याचिका में याचिकाकर्ता ने कोर्ट से रिमांड आर्डर को खारिज करने का अनुरोध किया था. हालांकि छुट्टियों में सुनवाई कर रही हाईकोर्ट के बेंच ने कहा कि सुनवाई के लिए कोई जल्दबाजी नहीं है और याचिकाकर्ता 2 जनवरी के बाद रेग्युलेर बेंच में सुनवाई के लिए आवेदन कर सकते हैं. चंदा कोचर और उनके पति में अपनी याचिका में सीबीआई के एफआईआर रद्द करने की भी याचिका में अपील की थी. वेणूगोपाल धूत को चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को कर्ज देने के एवज में घूस देने के आरोप में सीबीआई ने गिरफ्तार किया है. आपको बता दें 2018 में चंदा कोचर को जांच शुरू होने के बाद आईसीआईसीआईसीआई बैंक के सीईओ पद से हटना पड़ा था. प्रवर्तन निदेशालय भी मामले की जांच कर रहा है और उसने कहा था कि ईडी 7862 करोड़ रुपये के 24 कर्ज देने के मामलों की जांच कर रहा है. उनका मानना है कि चंदा कोचर के अधीन आईसीआईसीआईसीआई बैंक ने गैरकानूनी तरीके से वीडियोकॉन को 2009 से 2018 के बीच ये कर्ज दिया है.



## पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता, तीन आतंकी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. तरनतारन के सरहाली थाना पर आरपीजी हमले के मामले में पंजाब पुलिस ने लोडेड आरपीजी बरामद किया है. इसके अलावा तीन ऐसे आतंकियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जो फिलीपींस बेस्ड अपराधी और कनाडा बेस्ड आतंकवादी के इशारे पर हिंदुस्तान में अपने कारनामों को अंजाम देते थे. इसके लिए बाकायदा उन्होंने गिरोह भी बना रखा था, जिसका पंजाब पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया है. पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने इस बारे में जानकारी दी. उन्होंने ट्विटर पर इस बरामदगी से जुड़ी तस्वीरें भी पोस्ट की हैं. डीजीपी गौरव यादव के मुताबिक, पंजाब पुलिस ने सरहाली आरपीजी हमले के मामले में जांच के दौरान लोडेड आरपीजी जब्त किया है. इसके अलावा तीन ऐसे लोगों के उप गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है, जो फिलीपींस बेस्ट यादविंदर सिंह के लिए काम करते थे. यादविंदर सिंह को कनाडा बेस्ड आतंकी लंडा निर्देश देता था और ये लोग आतंकी कार्रवाईयों को अंजाम देते थे. बता दें कि सरहाली थाने पर हमले की जिम्मेदारी हिजबुल मुजाहिदीन गजोटा नाम के समूह ने ली थी. इस मामले में पंजाब पुलिस ने जेंलों में बंद कम से कम 6 गैंगस्टरों को प्रोडक्शन वारंट पर पूछताछ के लिए कब्जे में लिया था. इस बदमाशों से पूछताछ के बाद ही इस आरपीजी का सुराग मिला था. जिसके बाद सतर्क पंजाब पुलिस ने लगातार छापेमारी की कार्रवाईयों को अंजाम दिया था.



## 20 साल की युवती को पेंचकस से 51 बार गोदा

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक व्यक्ति ने 20 वर्षीय युवती पर पेंचकस से 51 बार वार कर कथित तौर पर उसकी हत्या कर दी, क्योंकि पीड़ति ने आरोपी से बात करने से इनकार कर दिया था. पुलिस ने मंगलवार (27 दिसंबर) को यह जानकारी दी. नगर पुलिस अधीक्षक (कोरबा) विश्वदीपक त्रिपाठी ने बताया कि घटना साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की आवासीय कॉलोनी में हुई. पुलिस ने घटना स्थल से कई सामान बरामद किए हैं. इन्हीं में एक गुजरात से रायपुर की फ्लाइट टिकट भी है. पुलिस ने अनुसार, आरोपी गुजरात से यहां आने के बाद कोरबा में किसी होटल में ठहरा और मौका पाकर लड़की के घर में घुस गया. आरोपी जब पीड़ति के घर पहुंचा, तब वह अपने घर में अकेली थी. आरोपी ने वार करने के दौरान युवती के चेहरे पर तकिया रखा था ताकि उसकी चीख कोई नहीं सुन सके और उस पर 51 बार पेंचकस से वार किया. आरोपी यात्री बस में था कंडक्टर-अधिकारी ने बताया कि पीड़ति का भाई जब घर लौटा, तो उसने अपनी बहन का खून से लथपथ शव देखा. उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि जशपुर जिले के रहने वाले आरोपी की तीन साल पहले पीड़िता से दोस्ती हुई थी, जब वह एक यात्री बस में कंडक्टर के रूप में काम करता था और युवती उसी बस में यात्रा करती थी.

**युवती ने बात करनी बंद कर दी थी**-आरोपी बाद में काम के सिलसिले में गुजरात के अहमदाबाद चला गया और दोनों फोन पर संपर्क में थे. अधिकारी ने कहा कि जब युवती ने उससे फोन पर बात करना बंद कर दिया, तो आरोपी ने उसके माता-पिता को भी धमकी दी थी.

# राजस्थान में कांग्रेस ने हड़पी किसानों की जमीन

**नई दिल्ली।** बीजेपी ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा को आड़े हाथों लिया है. बीजेपी के राष्टीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वाड्रा पर गंभीर आरोप लगाए. वाड्रा पर किसानों की जमीन को हड़पने से लेकर जमीन की खरीदारी में फर्जीवाड़े तक के आरोप लगाए. गौरव भाटिया ने कहा, ÷जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी तो उस समय किसानों की जमीन हड़पी गई. ये कट्टर पापियों का काम है, कट्टर बेईमान कौन है, वो देश जान गया है. राजस्थान हाईकोर्ट में रॉबर्द्ट वाड्रा की पोल खुल गई है, क्योंकि किसानों की जमीन के फर्जी अलॉटमेंट कांग्रेस के समय हुए थे.

बीजेपी प्रवक्ता ने कहा, ÷मैं न्यायालय का लिखा पढ़ रहा हूं... रॉबर्ट वाड्रा और उनकी माता इस काम में थी, आज चीख चीख कर प्रमाण कह रहे हैं कि तुम पापी परिवार हो और तुमने किसानों को प्रताड़ित करने का काम किया है.÷ भाटिया ने कहा कि ये घोटाला 2008 से 2013 के बीच में कांग्रेस की सरकार के समय 125 बीघा सरकारी जमीन का है, लेकिन ये पूरा घोटाला एक हजार बीघा जमीन का है. बीजेपी प्रवक्ता ने आरोप लगाए कि जमीन उन लोगों को अलॉट की गई, जो असल में थे ही नहीं. अलॉटमेंट नत्थाराम और हरीराम के नाम हुआ, लेकिन ये लोग ढूंढने पर भी नहीं मिल रहे हैं, क्योंकि ये व्यक्ति थे ही नहीं. इनको किसानों की जमीन दे दी गई. गौरव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा में भी अपनी सरकार के समय जमीन घोटाला किया था और किसानों की जमीन हड़प ली थी. बता दें, राजस्थान हाईकोर्ट से रॉबर्ट वाड्रा को बड़ा झटका लगा है. गुरुवार को हाईकोर्ट ने उनके और उनकी मां मौरीन वाड्रा के खिलाफ दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले को रद्द करने की उनकी याचिका खारिज कर दी. हालांकि, हाईकोर्ट ने मामले के संबंध में रॉबर्ट वाड्रा को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया.



**मनी लॉन्ड्रिंग का मामला**–ये मामला बीकानेर में जमीन की खरीद के संबंध में रॉबर्द्ट वाड्रा के खिलाफ कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले से जुड़ा है. मामले में बुधवार (21 दिसंबर) को कोर्ट में सुनवाई पूरी हुई. स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी के अलावा महेश नागर ने भी ईडी की जांच को सिंगल बेंच में चुनौती दी है. ईडी ने मामले में ईसीआईआर (एनफोर्समेंट केस इंफॉर्मेशन रिपोर्ट) दर्ज की थी. उस दौरान स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के लायबिलिटी पार्टनर रॉबर्ट वाड्रा, उनकी मां मौरीन वाड्रा और पार्टनर महेश नागर ने राजस्थान हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. कोर्ट ने उन्हें राहत देते हुए थर्ड पार्टी अंतरिम आदेश जारी किया था. इसके चलते रॉबर्ट वाड्रा, उनकी मां मौरीन वाड्रा और महेश नागर की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक जारी है. ईडी ने इससे पहले गिरफ्तारी पर लगी अंतरिम रोक हटाने के लिए अदालत के समक्ष अर्जी पेश की थी.

# रीड अलोंग ऐप का उपयोग करने के लिए निकाली गयी जागरूक रैली

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जिले के शासकीय नवीन माध्यमिक शाला पार्लर एवं शासकीय माध्यमिक शाला ढिगसर में, नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बुनियादी शिक्षा अभियान के तहत बच्चों की भाषा दक्षता को विकसित करने के लिए रीड अलोंग एप्लीकेशन उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं की रैली निकाली गई। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा नारे ÷रीड अलोंग एप के साथ पढ़ो, जीवन में आगे बढ़ो÷ लगा कर लोगो को प्रेरित किया। रीड अलोंग एप के माध्यम से बच्चें सुनके, बोलकर




भाषा सीखते हैं। शाला के शिक्षकों द्वारा बताया गया कि, ग्रामीण अंचलों में यह एप मील का पत्थर साबित हो रहा है। यह बच्चों में हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा के विकास में असरदार है। रैली का आयोजन पिरामल फाउंडेशन में गांधी फेलो रूमा दास, शिक्षकों एवं ग्राम वासियों द्वारा किया गया। ज्ञातव्य है रूमा दास कम्युनिटी इमर्जन प्रक्रिया के तहत गांव में विगत कुछ दिनों से रह रही है एवं गांव की मुख्य समस्याओं पर कार्य कर रही है। ग्राम सरपंच के द्वारा रूमा दास के इस प्रयास को सराहा गया ।

# गरीब का पक्का मकान बने करके भूपेश सरकार को फूटी आँख नहीं सुहा रही: मुरलीधर सिन्हा

विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी मण्डल गरियाबंद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की भूपेश सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के राज्यांश राशि रोक दिए जाने से मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम हर ग्राम पंचायतों में जनजागरण करके हस्ताक्षर अभियान जा रहें हैं जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत पारागांव में भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा जिला गरियाबंद पूर्व जिला महामंत्री एवं मोर आवास मोर अधिकार प्रभारी मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि वर्तमान राज्य की भूपेश बघेल के नेतृत्व कांग्रेस सरकार को गरीब का पक्का मकान बने करके फूटी आँख नहीं सुहा रही है ।

भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में 8 लाख प्रधानमंत्री आवास रोक दिया गया है, गरियाबंद जिला में भी 37 हजार प्रधानमंत्री आवास अपूर्ण है । राज्य सरकार अपने राज्यांश की राशि 40 प्रतिशत नहीं दिए जाने के कारण गरीब हितग्राही अब मिलेगा तब मिलेगा करके बाट जोह रहे हैं, जिसे लेकर भाजपा पूरे छत्तीसगढ़ में हस्ताक्षर अभियान चला रहें हैं, हितग्राहियों से हस्ताक्षर लेकर आवेदन को भाजपा नेतृत्व छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया भूपेश बघेल जी को सौंपेंगे और मांग करेंगे । राज्य सरकार को गरीब का पक्का मकान बने करके फूटी आँख नहीं सुहा रही है इसी तरह 16 लाख प्रधानमंत्री आवास मकान को राज्यांश की राशि देने में असमर्थता जताते हुए लौटा दी है । भाजपा नेताओं भूपेश बघेल की सरकार गरीब विरोधी सरकार बताया । भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, भाजयुमो पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश दासवानी ने भी सम्बोधित किये । कार्यक्रम संचालन बूथ अध्यक्ष मोहन कुलदीप एवं आभार भाजपा मंडल महामंत्री धनजंय नेताम ने किया, इस अवसर में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आनंद ठाकुर, भाजयुमो महामंत्री राज डे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# युवा, देश और समाज की रीढ़ है, इन्हें मजबूत बनाना जरूरी

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश शासन के निर्देश और प्राचार्य डॉ के पी अहिरवार की अध्यक्षता में ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा नीति पर विद्यार्थियों से सुझाव आमंत्रित करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। सरस्वती पूजन और उपस्थित अतिथियों के स्वागत सत्कार उपरांत विद्यार्थियों से शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास, उद्यमिता, खेल, स्वास्थ्य और स्वस्थ्य जीवन शैली, सामाजिक मूल्य, लोकतांत्रिक जीवन शैली जैसे विषयों पर संवाद किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने-अपने सुझाव दिये। गौरतलब है की शासन स्तर पर युवा नीति तैयार होना प्रस्तावित है, जिसपर प्रदेश के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों से विद्यार्थियों से संवाद कर सुझाव मांगे जा रहे हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक तथा राजनीति विज्ञान विभाग की प्रमुख डां इन्दिरा




जैन ने शासन की युवा नीति पर मंशा और कार्यक्षेत्र पर अपनी बात कही वहीं समाजशास्त्र विभाग के प्रमुख डां अनिल यादव ने पूर्व में विभागीय स्तर पर आयोजित युवा नीति कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा दिये गये सुझावों पर चर्चा की। संस्कृत विभाग के प्रमुख डां के एस बामनिया ने विद्यार्थियों के अनुशासन और व्यक्तिव विकास पर जोर दिया। अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य डां के पी अहिरवार ने समाज में पल और पनप रही सामाजिक बुराइयों और विद्यार्थियों के नैतिक पतन पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा की कि वह सामाजिक मूल्य और अपने नैतिक उत्थान की ओर आगे बढ़े, खूब पढ़ें और आगे बढ़े। विद्यार्थी ही समाज रीढ़ है इसे मजबूत बनने की जरुरत है यह युवा नीति इसी दिशा में शासन का एक प्रयास है। इस दौरान विद्यार्थियों ने भी मंच पर आकर सुझाव दिये। मंच संचालन और आभार डां. अनिल जैन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डां. जितेन्द्र चौधरी, धीरज जानसन, डां. सिकंदर डलगज, डां. आशाराम यादव, दिवाकर पटेल उपस्थित रहे।



# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने शहीद हसन वारसी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी जनसंघ के युवा क्रांतिकारी शहीद हशमत वारसी की पुण्यतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने वीरेंद्र वाटिका में स्थित उनकी मजार पर पहुंचकर चादर पोशी कर पुष्पांजलि अर्पित की।भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के वरिष्ठ नेता एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रोफेसर डॉक्टर इकबाल अली ने कहा कि भिंड शहर के युवा मुस्लिम समाज के क्रांतिकारी नेता भारतीय जनसंघ से लेकर के अपनी राजनीतिक यात्रा को प्रारंभ करने वाले हशमत वारसी को 1975 में कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने आपातकाल लगाकर उन्हें जेल में बंद कर दिया था जिनकी बुझाओ में वंदे मातरम की रक्त की एक एक बूंद उनके शरीर में प्रभावित थी इंदिरा गांधी सरकार के आगे झुके नहीं और जेल में उनका बलिदान हो गया जिन्होंने कांग्रेस की करनी और कथनी अन्याय व अत्याचार के विरुद्ध डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ जम्मू कश्मीर में आंदोलन में भाग लेकर खड़ा संघर्ष किया उनका बलिदान भुलाया नहीं जा सकता जो कांग्रेस अल्पसंख्यक समाज की हितेषी बनने की बात करती थी जिसने हमारे समाज को रोका और उन्हें विकास की गद्दी पर नहीं चढ़ने दिया उनके बोर्ड पर राजनीति की भाजपा ने हमें पूर्ण सम्मान देकर अनेक विकास योजनाओं पर आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है मैं ऐसे ही युवा क्रांतिकारी वारसीजी के चरणों में भवानी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशफाक खान ने कहा की हसरत बार्शी भारतीय जनसंघ के युवा क्रांतिकारी नेता थे जिनका बलिदान कांग्रेस की गलत नीतियों से खेल में उनका बलिदान हो गया और उन्होंने आखिरी दम पर कहा यह हमारी मातृभूमि है मैं जागूंगा नहीं उनके विचार और सिद्धांतों को मुस्लिम समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने का कार्य हर शंकर मोर्चा करेगा।प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युवा मोर्चा अतुल रमेश पाठक,भाजपा वन खंडेश्वर मंडल अध्यक्ष अमित जैन,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा बन खंडेश्वर मंडल अध्यक्ष इमरान वारसी तथा आदि कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भाजपा को मजबूती प्रदान हेतु संकल्प लिया।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने किया बल्क मिल्क चिलिंग सेंटर बी.एम.सी. का औचक निरीक्षण

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** कलेक्टर एस.कृष्ण चैतन्य एवं डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन डॉ. संगीता त्रिवेदी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, दमोह राकेश अहिरवाल ने कार्यवाही करते हुए दमोह शहर में सागर रोड स्थित विद्या सागर मिल्क एंड एग्रो प्राइवेट लिमिटेड दुग्ध शीतलन केंद्र का निरीक्षण किया। उक्त दुग्ध शीतलन केंद्र से गाय भैंस के मिश्रित दूध का नमूना जांच हेतु लिया गया है जिसे जांच हेतु क्यू.टी.टी.एल. खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला इंदौर भेजा गया है। निरीक्षण में उक्त दूध शीतलन केंद्र पर फ्रूड लाइसेंस की प्रति स्पष्ट रूप से प्रदर्शित पाई गई है एवं फ्रूड सेफ्टी डिस्प्ले लगा हुआ पाया गया हैं। फोस्कोरिस एप्प के माध्यम से दूध शीतलन केंद्र का ऑनलाइन निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण में उक्त दूध शीतलन केंद्र में साफ सफाई



एवं स्वच्छता का अच्छा स्तर पाया गया है। विद्या सागर मिल्क एंड एग्रो प्राइवेट लिमिटेड के दुग्ध शीतलन केंद्र में स्थापित बी.एम.सी. में प्रतिदिन लगभग 3000 लीटर दूध का संग्रहण होता है। उक्त केंद्र में दूध उत्पादक किसानों के दूध का ईकोमिल्क मशीन से जांच उपरांत दूध में मौजूद फैट एवं एस.एन.एफ. की मात्रा से दूध के मूल्य का भुगतान किया जाता है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने समस्त दूध के फेरी एवं हॉकर्स




विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि वे अपने पास फ्रूड लाइसेंस की प्रति आवश्यक रूप से रखें एवं उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित गुणवत्तापूर्ण दूध मुहैया करवाएं। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

**फोस्कोरिस एप्प के माध्यम से किया गया ऑनलाइन निरीक्षण, गाय भैंस के मिश्रित दूध के लिए गए नमूनें, गुणवत्ता जांच हेतु इंदौर स्थित क्यू.टी.टी.एल. खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए नमूनें**







# श्री राम का जन्म होते ही जयकारों से गूंज उठा पूरा पंडाल

## महाकुम्भ जैसा दिख रहा श्री राम कथा का नजारा, दिव्य दरबार में टूटा भक्तों की भीड़ का रिकॉर्ड


**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** स्थानीय होमगार्ड मैदान में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर परम पूज्य गुरुदेव पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज के मुखारविंद से श्री राम कथा की रस वर्षा हो रही है इसी क्रम में चौथे दिन मंगलवार को भगवान श्री राम जन्म की कथा भक्तों को श्रवण कराई गई। इस दौरान शास्त्री जी ने जैसे ही श्री राम जन्म की कथा भक्तों को सुनाई तो समूचा पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। पंडाल में मौजूद करीब ढाई लाख भक्तों की आवाज जब गुंजायमान हुई तो मानो साक्षात अयोध्या जैसा दृश्य लोगों के सामने नजर आने लगा।

**भंडारा में मिल रहा भोजन**-समिति के सदस्यों द्वारा श्री राम कथा में तमाम व्यवस्था की गई है। समिति द्वारा बताया कि साधु संतों के रुकने ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था रामकुमार स्कूल में की गई है। कोई भूखा ना सोए इसके लिए भी विशेष भंडारा रामकुमार स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। जहां पर स्कूल के प्राचार्य दिनेश असाटी व उनकी टीम के द्वारा इस कार्य को बेहतर अंजाम दिया जा रहा है। बाहर से आने वाली कई यात्री कथा पंडाल में ही रुक जाते हैं जिनकी तमाम तरह की व्यवस्थाएं की जा रही है।

**चारों मार्गों पर दिखता है सन्नाटा, फिर लगता है जाम** -मंगलवार को भव्य दरबार के दूसरे दिन सुबह 9:00 बजे से दरबार शुरू हुआ बाद में दोपहर 1:30 बजे से श्री राम कथा प्रारंभ हुई जो शाम को 7:00 बजे तक लगातार चली। इस दौरान शहर के अधिकांश मार्गों पर सन्नाटा छाया रहा शहर का हर व्यक्ति श्री राम कथा को सुनने के लिए होमगार्ड मैदान पहुंचा इसके बाद जैसे ही श्री राम कथा का समापन हुआ तो सड़कों पर उमड़ने वाली अपार भीड़ से जाम जैसे हालात निर्मित रहे शहर के चारों मार्गों पर बाहर की तथा स्थानीय भीड़ से मेला जैसा माहौल चारों ओर देखने मिल रहा था। ना केवल दमोह शहर बल्कि आसपास के हजारों गांव के लोग ऑटो रिक्शा करके श्री राम कथा सुनने के लिए पहुंचे थे कई जगह तो हालात यह देखने मिले कि गांव के गांव पूरे खाली हो गये और लोग श्री राम कथा में राममय होने पहुंचे।

**दरबार में प्रेत बाधाओं की समस्या का हुआ समाधान**-मंगलवार सुबह 9:00 बजे से भव्य दरबार के दूसरे दिन जब दरबार शुरू हुआ तो लाखों की तादाद में लोगों की मौजूदगी रही हर व्यक्ति इस बात से आशान्वित नजर आ रहा था कि शायद उसकी अर्जी लग जाए और उसका परिचय बन जाए दिव्य दरबार में चमत्कार यह



देखने मिला कि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी गुरु जी ने पहले से कई पर्चे बनाकर अपने पास रख लिए थे उसके बाद उन्होंने ढाई लाख की जनता के बीच से लोगों के नाम लेकर उठाए और उनका वही पर्चा निकला जो उन्होंने बताया मौके पर ही पर्ची में बताई गई समस्याएं व्यक्ति ने भी बताई और उनका समाधान मौके पर ही किया गया।

**एडिशनल एसपी ने संभाला पुलिस मोर्चा**-कथा पंडाल स्थल के अलावा शहर के प्रत्येक क्षेत्र से जहां से भीड़ आने जाने का रास्ता था वहां पर भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई थी दरअसल इतने बड़े आयोजन का मोर्चा पुलिस अधीक्षक डीआर तेनीवार के निर्देशन में एडिशनल एसपी शिव कुमार सिंह ने संभाल रखा था। उन्होंने दो डीएसपी सहित कई निरीक्षक, उपनिरीक्षक, एएसआई प्रधान आरक्षक, आरक्षक एवं होमगार्ड सैनिकों को सैकड़ों की तादाद मैं तैनात रखा था। चारों ओर उमड़ने वाली जनभेदनी की सुरक्षा में भारी महिला पुलिस बल भी मुख्य मार्गों व कथा पंडाल में तैनाती रहीं।

**खुली खुली जीप में निकले गुरुवर मार्गो पर हुई पुष्प वर्षा**-कृष्णा हाइट से होमगार्ड मैदान तक दोनों और भक्तों की अपार भीड़ गुरु के दर्शनों के लिए उमर पड़ी। जिसे देखते हुए गुरुवर ने बंद कार की जगह खुली कार में सवार होकर उन्होंने दोनों हाथ हिला कर भक्तों को आशीर्वाद दिया। कृष्णा हाइट से लेकर पूरे मार्ग पर दोनों ओर खड़े हजारों की तादाद में भक्तों ने पुष्प वर्षा करते हुए गुरुवर का भव्य स्वागत किया।

# अम्बाह महात्मा लोचनदास कला मण्डल द्वारा अभिनय मंथरा ने भरे कान, कैकेयी ने मांगे दो वरदान

**केशब पंडित जी पत्रकार अम्बाह**

**अम्बाह।** श्रीराम बाटिका में महात्मा लोचनदास कला मंडल के तत्वावधान में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव के दूसरे दिन श्रीराम वनगमन की लीला का मंचन हुआ, जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो गए। लीला मंचन में मंथरा-कैकेयी संवाद, कोप भवन में रानी कैकेयी का राजा दशरथ से दो वर मांगना और फिर श्रीराम लक्ष्मण और सीता के वनगमन की लीला में मंडल के कलाकारों का जीवंत अभिनय सराहनीय रहा।

तत्पश्चात लीला मंचन में राजा दशरथ सभी सभासदों के समक्ष श्रीराम को युवराज पद देने का प्रस्ताव रखते हैं और सभी उस पर अपनी सहमति देते हैं। धूमधाम से राम के राजतिलक की तैयारियां चलती हैं इसी बीच दासी मंथरा जाकर रानी कैकेयी के कान भरती है। तब रानी अपनी दासी मंथरा की बातों में आकर आभूषण आदि त्यागकर कोप भवन में चली जाती हैं। यह समाचार पाकर राजा दशरथ वहां जाते हैं और रानी से इसका कारण पूंछते हैं। रानी कैकेयी तब राजा को पूर्व में दिए गए दो वर मांगने का वचन याद



दिलाती हैं। राम की शपथ दिलाकर राजा से दो वर भरत को राजगद्दी और राम को वनवास मांगती हैं। यह सुनकर राजा हतप्रभ रह जाते हैं और दुखी मन से रानी के सामने अनुनय विनय करते हैं लेकिन रानी की हठ के आगे उनकी एक नहीं चलती। अंततः वह असहनीय कष्ट के चलते मूर्छित हो जाते हैं। जब यह समाचार राम को मिलता है तो वह अपने पिता की आज्ञा से सहर्ष ही वन जाने को तैयार हो जाते हैं। वहीं सीताजी और लक्ष्मण भी उनके साथ वन जाने की हठ करते हैं। बल्कल वस्त्र धारणकर राम लक्ष्मण और सीता अपने पिता से अनुमति लेने जाते हैं और पुत्र वियोग में राजा दशरथ हृदय विदीर्ण करने वाला विलाप करते हैं। राम अपने पिता के वचन का मान रखने के लिए राजा दशरथ को बिलखता हुआ महल में छोड़कर वन के लिए रवाना होते हैं इसमे अभिनय मंथरा प्रदीप तोमर रक्षेड़ कैकई का अभिनय एमपी तोमर रतीरामपुरा राजा दशरथ शम्भू पंडित जी अम्बाह रामलीला कला मण्डल के अध्यक्ष पातीराम उपाध्याय व संयोजक श्रीकृष्ण नेताजी एवं समस्त कला मण्डल के कलाकार व समाज सेवीगण।

## मालनपुर थाना पुलिस ने 719 हाईवे पर अतिक्रमण एवं यातायात व्यवस्था को लेकर लोगों को दी हिदायत

**पहलवान सिंह राजावत**
**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता मालनपुर**

हाईवे के किनारे व्यवसाय एवं चार पहिये एवं दुकानदारों द्वारा रोड के किनारे अतिक्रमण करने वालों को एस डी ओ पी एवं थाना प्रभारी मालनपुर ने पुलिस बल के साथ फ्लैगमार्च निकालकर अतिक्रमणकारियों को हिदायत दी और कहा कि रोड से अंदर की साइड दुकान लगाकर दुकानदारी करें जिससे की दुर्घटना कम हो एवं पार्किंग की अर्थव्यवस्था बनी रहे अन्यथा चालानी कार्रवाई की जाएगी फ्लैग मार्च मालनपुर थाने से लेकर हनुमान चौराह मनहार होटल तक निकाली ज्ञात रहे कि हनुमान चौराहे मालनपुर नेशनल हाईवे के किनारे दुकानें एवं टैक्सी लग जाने से रोड पर जाम लग जाता था जिससे आने जाने वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है और एक्सीडेंट की घटना होने का भी अंदेशा रहता है इस क्रम में आज एस डी ओ पी गोहद सौरभ कुमार थाना प्रभारी विनोद विनायक करकरे व एसआई बलवंत सिंह यादव प्रधान आरक्षक राघवेंद्र शुक्ला प्रधान आरक्षक कमल माहौर आरक्षक नवीन तोमर आरक्षक सोनू सिंह व समस्त पुलिस बल ने लोगों को बताया कि अगर ऐसा पाया गया तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## मौं मण्डल में भिंड दतिया सांसद एंव प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती संध्याराय जी का दौंरा



मौ मंडल के ग्राम किटी, जारेट, अंधियारी खुर्द, अंधियारी कला, असोहना, बडैरा, जितरबाई, गुमारा आदि गांव में सामाजिक कार्यक्रम एव जन चौपाल लगाकर समस्याएं सुनी एव दुखद परिवारों के बीच भी शोक संवेदना व्यक्त की जिसमे मौ मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाह वरिष्ठ नेता बलभद्र सिंह सिकरवारक्षअवधेश सिंह चौहान, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पर्वत जादौन रघुराज सिंह गुर्जर, मंडल महामंत्री राजू मिश्रा सोमवीर शिवहरे मंण्डल मिडिया प्रभारी जिला कोषाध्यक्ष सोनू खान जी, राहुल गुर्जर सरपंच जी, सतीश परिहार जिला आईटी सह प्रभारी अजा मोर्चा भाजपा भिण्ड हनुमत सिंह चोहान बिजेंन्द सिंह पटेल अजव सिंह कुशबाह अमित गुर्जर आनन्द गुर्जर अबदेश कुशबाह डां रामभरोसे कुशबाह एव सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आदिल खान का चयन भोपाल अंडर-15 में

**सीहोर।** शहर के प्रतिभाशाली बल्लेबाज आदिल खान का चयन भोपाल अंडर-15 में किया गया है। सिलेक्शन मैचों में प्रदर्शन के आधार पर टीम घोषित की गई। जिसमें शहर के बीएसआई मैदान पर पीपीसीए अकादमी में खेलने वाले खान का चयन किया गया है। इस संबंध में डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि उभरते हुए बल्लेबाज आदिल खान ने गत दिनों भोपाल में हुए सिलेक्शन मैचों में 82, 44, 52 और 40 रन की शानदार पारियों को खेल कर भोपाल अंडर-15 टीम में अपनी जगह बनाई है। खान की इस कामयाबी पर पीपीसीए अकादमी के कोच चेतन मेवाड़ा, मोहनिश त्रिवेदी, आदर्श राय और अतुल त्रिवेदी के अलावा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, सुरेन्द्र रल्हन, मनोज दीक्षित मामा, मदन कुशवाहा, इरफान हुसैन, नवनीत तोमर, आदर्श राय, अक्षय दुबाने, आशीष शर्मा, नागेंद्र व्यास, कमलेश पारोचे, सचिन कीर, हेमंत केसरिया, संजय पटेल, महेन्द्र शर्मा बंटी विलय गौरव खरे, अमित कटारिया, रुपेश पारोचे, राकेश भेरवे, निखिल ठाकुर, राकेश धनगर, अतुल कुशवाहा, संतोष पांडे, महेन्द्र शर्मा, सुरेश नाविक, अमित शर्मा, प्रकेंश राय, सुनील जलोदिया आदि ने बधाई दी है।

## सीहोर ने शुजालपुर को 58 रन से हराकर जीता खिताब, शहर में टीम का किया स्वागत

**सीहोर।** मंदसौर में आयोजित अखिल भारतीय तीन दिवसीय ग्वाला गवली यादव समाज के तत्वाधान में खेली गई क्रिकेट प्रतियोगिता में यादव समाज की सीहोर टीम ने शुजालपुर को एक तरफा खिताबी मुकाबले में 58 रन से हराकर जिले का नाम रोशन किया है। सोमवार को सीहोर यादव समाज की क्रिकेट टीम के शहर आगमन पर क्षेत्रवासियों ने खिलाड़ियों का विजेताओं की तरह सम्मान किया। इस मौके पर समाज की ओर से ताराचंद्र यादव और गब्बर यादव ने गंज स्थित ग्वालटोली में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन और क्षेत्रवासी शामिल थे। सीहोर यादव टीम के कप्तान विक्की यादव ने बताया कि मंदसौर में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, इसमें अन्य प्रदेश के अलावा मध्यप्रदेश की अनेक टीम शामिल हुई थी। हमारी सीहोर टीम ने तीन मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया और फाइनल में हमारा खिताबी मुकाबला शुजालपुर से हुआ। जिसमें सीहोर टीम ने निर्धारित आठ ओवर में चार विकेट खोकर 110 रन बनाए थे। इसमें हमारी टीम के विस्फोटक बल्लेबाज मनोज यादव ने मात्र 24 गेंद पर 9 छक्के और चार चौकों की मदद से 72 रन की अर्द्धशतकीय पारी के अलावा राकेश ने भी 12 रन की शानदार पारी खेली। जबाव में लक्ष्य का पीछा करने उतरी शुजालपुर टीम निर्धारित आठ ओवर में 52 रन ही बना सकी। इस प्रकार सीहोर यादव समाज की टीम ने यह मुकाबला 58 रन से जीत हासिल की। सीहोर की ओर से नाना यादव, मनोज यादव, राहुल यादव और योगेश ने विकेट हासिल किए। फाइनल का मैन आफ द मैच मनोज यादव को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के बदौलत दिया गया। वहीं मैन आफ द सीरिज और बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार सीहोर टीम के ही राकेश यादव को दिया गया।

## रामसेतू और राम को काल्पनिक बताने वाली भाजपा देश से माफ़ी मांगे: कांग्रेस

### कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सद्बुद्धि के लिए मंदिर में सुंदरकांड ओर हनुमान चालीसा का किया पाठ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भाजपा सिर्फ राजनीतिक लाभ लेने के लिए भागवान राम और धर्म का सहारा लेती है। जबकि वास्तव में न ये राम को मानते हैं और न हिंदू धर्म को अगर राम को मानते तो रामसेतु और भगवान श्री राम के पुख्ता सबूत नहीं मांगते वे राम को काल्पनिक बता रहे है उन्हें देश से मांगनी चाहिए।आज कांग्रेस प्रवक्ता डा.अनिल भारद्वाज के नेतृत्व में भाजपा नेताओं की सद्बुद्धि के लिए आयोजित प्राचीन जामना हनुमान मंदिर में सुंदर काण्ड और हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत कांग्रेस नेताओं ने कहा। कांग्रेस प्रवक्ता अनिल भारद्वाज ने कहा जब यह बात कांग्रेस सरकार में कही गई थी तो हमें राम विरोधी बताया गया था। जबकि हमने भाजपा की ही पूर्व अटल बिहारी वाजपेई सरकार के फैसले को बढ़ाया था और जनमानस की भावनाओ को समझकर वापिस भी लिया। परंतु तथाकथित राम भक्तो की सरकार अब क्यों भगवान श्री राम और रामसेतु पर संसद में सबूत मांग रही



है। भाजपा राम और हिंदू धर्म की विरोधी है। सिर्फ चुनावों के समय उनकी याद आती है उसके बाद उनका अपमान करती है। मध्यप्रदेश के शिक्षा मंत्री को वर्खास्त करें भाजपा कांग्रेस नेता अनिल भारद्वाज ने कहा प्रदेश सरकार के फर्जी राम भक्त शिक्षा मंत्री मोहन यादव माता सीता को तलाक सुदा बताकर आत्महत्या करने की बात कह रहे है इन्हें तत्काल कैबिनेट से बर्खास्त करे । संघ बताए क्या अब भी भाजपा के साथ हैं। कांग्रेस नेताओ ने राष्टीय स्वयं सेवक संध आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा संघ अपने आपको हिन्दू धर्म ओर भगवान राम का अनुयायी बताता हैं । अब राम का अपमान ओर सीता माता का अपमान करने वाली भाजपा ओर उनके मंत्रियों के साथ हैं क्या ड़ इस दौरान सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा, जिला महामंत्री राजेश शर्मा,शैलेंद्र भदौरिया,आईटीसेल से दीपू दुबे, संजीव बरुआ,लीगल सेल के अध्यक्ष एड. हिमांशु शर्मा,पूर्व जिला महामंत्री अजय शर्मा, पिंटू शर्मा,सत्यनारायण सेंथिया सत्ते,शास्त्री उमाशरण किंकर, जयवीर भदौरिया, गंभीर सिंह कुशवाह,बलवीर राजावत, पूर्व सरपंच दिनेश शर्मा दादा, अजीत भदौरिया, पं. हर्ष शर्मा, अमित सिंह निर्माण सिंध खैरिया, सूर्य प्रकाश सिंह कुशवाह बेटू आदि ने उपस्थित होकर पाठ मे भाग लिया।

## युवा नीति के सन्दर्भ में प्रचार प्रसार व सुझाव संगोष्ठी आयोजित





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। शा.कमलाराजा कन्या महाविद्यालय ग्वालियर में मंगलवार को युवा नीति के सन्दर्भ में प्रचार प्रसार और सुझाव प्राप्त करने के लिए एक संगोष्ठी आयोजित की गयी। संगोष्ठी में महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती मीना सचान जी मुख्य अतिथि रहीं एवं अध्यक्षता प्रशासनिक अधिकारी डॉ हरीश अग्रवाल ने की।संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ डी.के सिंह ने युवा नीति को विस्तार से स्पष्ट करते हुए उसके विभिन्न पक्षों की विस्तृत चर्चा की।मुख्यअतिथि श्रीमती मीना सचान ने छात्राओं में कौशल विकास और व्यक्तित्व विकास के उन्नयन के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने आज के युवाओ को नौकरियों के साथ साथ स्वरोजगार और स्टार्टअप को भी स्वीकार करने के लिए तैयार रहने के लिए सुझाव दिया।संगोष्ठी में सेजल माहोर,भारती मांझी,स्नेहा गुप्ता,कंगना जैन,सपना कुशवाह,पूनम पाल,ईशु जैन,ऐशिका सिंघल ने युवा नीति पर अपने अपने सुझावों को प्रस्तुत किया।छात्राओं के द्वारा दिए गए कुछ प्रमुख सुझाव इस तरह रहे।सेजल माहौर ने अपने विचार में बताया कि छात्र छात्राओं को महाविद्यालय में ही कुछ हैंडीक्राफ्ट की ट्रेनिंग दी जाये और उन्हें विक्रय करने के लिए स्थान और सुविधाएं भी दी जाये।इसके साथ ही पूनम पाल ने बताया कि खेल नीति ऐसी बनाई जाए जिससे कि खिलाड़ी खेलने के पश्चात उसका भविष्य सुरक्षित रह सके।भारती मांझी ने बताया कि आज के युवा सोशल मीडिया में अपनी क्रियात्मकता को बड़ाकर सोशल मीडिया का सदुपयोग कर अपनी रचनात्मकता को बढाऐ ऐसे नीति बनाने की आवश्यकता है।इसके साथ ही आज की संगोष्ठी में अन्य छात्राओं ने स्किल डेवलपमेंट कम्युनिकेशन स्किल डेवलपमेंट और शिक्षा के साथ के साथ साथ उद्यमिता कौशल सामाजिक सामुदायिक भागीदारी संस्थान स्तर पर सुविधाएं और प्रशिक्षण का विस्तार युवाओ को स्वास्थ्य एवं खेल कूद कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर प्रारम्भ हो इंटर्नशिप पर जोर शैक्षणिक और औद्योगिक भ्रमण का विस्तार।संस्थान स्तर पर सभी विद्यार्थी की काउंसिलिंग,नवीन शासकीय योजनाओं के बारे में युवाओं को विस्तृत जानकारी प्रदान कर दिए जाने की व्यवस्था की जाने के सुझाव दिए। संगोष्ठी में डॉ आभार मिश्रा, डॉ कृष्णा सिंह,डॉ सुधा सिंह, डॉ पी.के. बंसल,डॉ व्ही.के.बंसल,डॉ वी.के. अग्रवाल, डॉ आर सी उपाध्याय,डॉ संगीता सोमवंशी,डॉ मोहित आर्य, डॉ अंतिमा सिंह सहित वाणिज्य के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। संचालन कु. पूनम पाल ने किया और आभार प्रदर्शन डॉ वीणा शुक्ला द्वारा किया गया। महाविद्यालय में बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता कर संगोष्ठी को सफल बनाया।

## पिछड़ा वर्ग कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की भंग

### सात दिन में नई कार्यकारिणी का किया जाएगा गठन, हर गांव और बूथ को कवर करते हुए 2 महीने की पदयात्रा कांग्रेसी नेता करेंगे-जिलाध्यक्ष राजेश भूरा यादव

सीहोर। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा अपने अंतिम चरण में है। ऐसे में अब कांग्रेस राहुल की इस यात्रा के विस्तार की तैयारी में है और हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम सहित अन्य आगामी कांग्रेस कार्यक्रम को दृष्टि रखते हुए मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश भूरा यादव ने संगठन को गति देने के लिए पिछड़ा वर्ग की जिला कार्यकारणी को भंग किया है और आगामी एक सप्ताह में नई कार्यकारणी का विस्तार करने की बात कही है। सोमवार को शहर के बस स्टैंड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में आगामी रणनीति को बताते हुए जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि हर गांव और बूथ को कवर करते हुए 2 महीने की पदयात्रा कांग्रेसी नेता करेंगे। इसमें गांव-गांव में कांग्रेस का झंडा फहराकर शुरुआत होगी। इसके अलावा डोर-टू-डोर सम्पर्क करके मोदी सरकार के खिलाफ चार्जशीट भी बांटी जाएगी। भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहे अपार जन समर्थन को दृष्टिगत रखते हुए। नागरिकों से संवाद स्थापित करने व उनसे जमीनी स्तर पर जुड़ते हुए देश में व प्रदेश में व्याप्त महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी द्वारा आगाम 26 जनवरी से प्रारम्भ होने वाले हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई। उन्होंने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसजनों के नेतृत्व में मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कांग्रेस शहर के ब्लाक स्तर पर सक्रिय होकर कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में होने वाले चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी जनता के मध्य अपनी बात रखेगी। प्रदेश में किसान और नौजवान परेशान हैं। इसलिए 2023 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस शिवराज सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार, किसानों के संकट और दूसरे आर्थिक सामाजिक मुद्दों पर लड़ेगी। इसी क्रम को आगे बढाते हुए हम सब को अब गांव गांव में पदयात्रा शुरू करना है हर गांव में कार्यकर्ताओ को बैठक लेना है। ग्रामीणजनों मजदूरों आदिवासियों किसानों से डोर टू डोर जनसंपर्क करना है। पदयात्रा के मूल संदेश के साथ राहुल गांधी के द्वारा जारी संवाद पत्र प्रदान करना है। हर दरवाजे पर भारत जोड़ो यात्रा का स्टीकर भी चिपकाकर पोलिंग बूथ तक जाना है। अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओ ने भी संबोधित किया। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को जिले में सफल बनाने का संकल्प कार्यकर्ताओं को दिलाया।

## मुरैना एसपी आशुतोष बागरी ने साल के अन्तिम छोर में ली क्राइम मीटिंग, अपराध रोकने के दिए कडे निर्देश

**केशब पंडित जी अम्बाह**

**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने आज दिनॉक 26 दिन सोमवार के दिन एसपी आफिस में कॉनफ्रिन्स हॉल में क्राइम मीटिंग हेतु दिए गए एजेंडा बिंदुओं पर कार्यों की प्रगति संबंधी पुलिस कार्यालय में जिले के सभी डिबीजन पुलिस अधिकारी एवं थाना व चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने लंबित अपराधों एवं शिकायत की समीक्षा करते हुए त्वरित निराकरण करने व दिसम्बर माह तक सभी पेंडेंसी कम करने के उद्देश्य से सभी सुपर विजन अधिकारी एवं थाना व चौकी प्रभारियों से सभी अन सुलझे व लंबित मामलों पर चर्चा कर निकाल हेतु महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा महिला संबंधी अपराधों में पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी किए गए निर्देशों तथा महिला संबंधी रिपोर्ट एवं शिकायत पत्रों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के कड़े निर्देश दिये। साथ ही गुम नाबालिकों की पतारसी व दस्तयाब कर प्राप्त साक्ष्य के आधार पर वैधानिक कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया है। उन्होंने सभी डिबीजन अधिकारियों को महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराध तथा लंबित गंभीर मामलों के साथ-साथ चिटफंड कंपनी से संबंधित शिकायतों एवं आईटी एक्ट प्रकरणों की अपने स्तर पर समीक्षा कर आवश्यकतानुसार पुलिस टीम बनाकर दूसरे प्रांत भेजने हेतु निर्देशित किया। जमीन संबंधी विवादों में दोनों पक्षों पर अनिवार्यतः प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने कहा।

श्री बागरी ने कहा मेरे द्वारा सभी थाना/चौकी में जाकर आकस्मिक निरीक्षण किया जायेगा एवं थाने में ही विवेचना अधिकारियों की मीटिंग लेकर उनके कार्यों की समीक्षा की जावेगी। माफिया की गतिविधियों पर प्रभावी अनियमित संचालन करने एवं सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में अवैध गांजा,रेत एवं शराब के परिवहन में पूर्ण प्रतिबंध लगाने के दिये निर्देश। थानावार लंबित अपराध, शिकायत, समंस/वारंट, मर्ग, गुम इंसान, चिटफंड कंपनियों के विरुद्ध पंजीबद्ध अपराध की समीक्षा उपरांत लंबित मामले का निराकरण करने कहा गया है। साथ ही सभी प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सूचना तंत्र मजबूत कर संपत्ति संबंधी अपराध जैसे लूट, चोरी, धोखाधड़ी आदि को रोकने के



लिए अधिक से अधिक लघु व प्रतिबंधात्मक अधिनियम के तहत कार्यवाही करने तथा रात्रि गस्त एवं पेट्रोलिंग को सुदृढ़ करने हिदायत दी। थाना क्षेत्र के बदमाशों पर सतत निगाह रखते हुए उनकी सक्रियता पाए जाने पर विधिवत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने एवं असामाजिक गतिविधियों जैसे अवैध शराब व मादक पदार्थों की बिक्री, अवैध आर्म्स, जुआ-सट्टा में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही कर उनकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने सख्त निर्देश दिये। व्हीव्हीआईपी,व्हीआईपी मूव्हमेंट के पहले थाना, चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था में विशेष सावधानी बरतने कहा गया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने क्राईम मीटिंग के दौरान माननीय न्यायालय द्वारा जारी समंस-वारंटो की तामीली एवं न्यायालयीन कार्यों को पूर्ण जवाब देही के साथ समयावधि में निराकृत करने के निर्देश दिए। थानों में लंबित माल के आवश्यक निराकरण करने व क्षेत्र के सामाजिक संस्थानों, व्यापारियों एवं नागरिकों से संपर्क कर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने हेतु निर्देशित किए। उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों को बेहतर बेसिक व विजिबल पुलिसिंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सामुदायिक पुलिसिंग अभियान के तहत जनता से संपर्क कर ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर क्राइम, एटीएम फ्रॉड व यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जाने निर्देशित किए। थाना प्रभारियों को अपने अधिनस्थों पर नियंत्रण रखने एवं आगंतुकों से शालीनता पूर्वक व्यवहार करने एवं महिलाओं बच्चों व बुजुर्गो से संबंधित मामलों का त्वरित निराकरण करने दिए निर्देश। और पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमें रात्रि कॉम्बिग गस्त के जिले में बहुत ही अच्छे परिणाम मिले है जिन संख्या इस प्रकार है तामील गिरफ्तारी बारंट 90 स्थाई बॉरन्ट 49 फरारी आरोपी 02 इनामी 11 अन्य 20 जिला बदर 16 यह शनिबार कॉम्बिग गस्त की कारबाही है इन थाना प्रभारियो को पुरूस्कृति किया है बीरेश कुशबाह बामौर अरूण कुशबाह योगेन्द्र सिह जादौन कोतबाली जितेन्द्र नगाइच अम्बाह देबेन्द्र कुशबाह बागचीनी मंगलसिह पपोला दिमनी इन्है सम्मान मिला। उक्त क्राईम मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिह नरबरिया, व सभी डिबीजनो के उप पुलिस अधीक्षक व जिलो समस्त थाना प्रभारी एवं सायबर प्रभारी, एवं पुलिस कार्यालय के अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय


# बेदर्द सर्दी

कोहरे और ठंड के सितम के बीच लुढ़कता पारा चिंता बढ़ाने वाली बात है। यहां तक कि मौसम विभाग ने भी उत्तर भारत के कई इलाकों में मौसम के लिये रेड अलर्ट जारी किया है। रविवार को सूरज कम ही नजर आया और कई जगह पारा न्यूनतम सीमाएं छूता रहा। रातें तो रक्त जमाने वाली हैं ही, दिन भी रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। साथ में घना कोहरा वाहन चालकों की जान जोखिम में डाल रहा है। मौसम विभाग आज पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में वर्षा, बर्फबारी तथा पंजाब-हरियाणा में शीत लहर चलने की भविष्यवाणी कर रहा है। यूं तो मौसम का चक्र है, गर्मी के बाद बरसात और फिर सर्दी को आना होता है। यह हमारे जीवन चक्र का हिस्सा भी है। बर्फबारी से पहाड़ों पर संचित बर्फ फिर सदानीरा नदियों के माध्यम से ग्रीष्म ऋतु में जीवन बांटती हैं। लेकिन हमारे समाज की आर्थिक विसंगति मौसम के चरम को असहनीय बनाती है। ऐसे में शीत लहर से लोगों का मरना असमानता को दशार्ता है। हर साल जब सर्दी शबाब पर होती है कई लोगों के दम तोड़ने की खबरें आती हैं। खासकर बेघर लोगों पर सर्दी कहर बरपाती है। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में सरकारों की लोक कल्याणकारी भूमिका को लेकर सवाल उठते रहे हैं। एक समय था कि राजा शीत ऋतु में प्रजा के दुख-दर्द जानने निकलते थे। सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था होती थी। रैन बसेरों को बनाया जाता था। लेकिन ऐसी संवेदनशीलता लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ताधीशों में नजर नहीं आती। ऐसे में सवाल उठता है कि देश में गर्मी में लू से, बरसात में बाढ़ से तथा सर्दी में शीतलहर से लोगों के मरने की खबरें क्यों आती हैं? निस्संदेह हम अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर पाते हैं। दरअसल, मौसम के इस चरम में मरने वाले एक ही वर्ग के लोग होते हैं, गरीब वर्ग के। इन्हें मौसम का चरम नहीं, गरीबी मारती है। जो हमारे समाज की संवेदनहीनता और आर्थिक असमानता की ओर इशारा करती है। दरअसल, समाज का हर व्यक्ति थोड़ा-थोड़ा योगदान दे तो मौसम के कहर और भूख से कोई न मरे। हमारे घरों में ऐसा बहुत सा सामान, कपड़े व गर्म वस्त्र होते हैं जो हम यदि किसी जरूरतमंद को दे दें तो कुछ जीवन जरूर बचाये जा सकते हैं। आधिकांशतः कोई गरीब नहीं होना चाहता। जमीन से उखड़े और परिस्थितियों के मारे लोग ही गरीबी का दंश झेलते हैं। कुछ अपवाद भी होते हैं,लेकिन आमतौर पर मुसीबत के मारे ही रेलवे व बस स्टेशनों पर रात काटते नजर आते हैं। जिनके प्रति समाज का संवेदनशील व्यवहार अपेक्षित है। ताकि उनके जीवन के अधिकार की रक्षा हो सके। एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर हमें प्रशासन और स्थानीय निकाय के अधिकारियों को बाध्य करना चाहिए कि रैन बसेरों की व्यवस्था हो। गरीबों को कंबल व कपड़े स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से बांटे जाएं। निश्चित रूप से मौसम का रौद्र रूप मनुष्य की परीक्षा लेता है। यदि हम उसका मुकाबला करने में वंचितों की मदद करें तो कुछ असमय काल-कवलित होने से बच सकते हैं।

# कोरोना से लड़ाई में एक गलती भी पड़ सकती है भारी

**इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत दुनिया में सबसे तेज कोरोना टीकाकरण करने वाला देश है। एक बार फिर कोविड-19 के दस्तक के समय दी गयी हिदायतों को दोहराने की जरूरत है कि किसी भी चीज को छूने के बाद हाथों को अच्छी तरह से साफ करें। साबुन से 30 सेकंड तक हाथ धोएं। हमें पूरे दिन साफ और शुद्ध पानी पीना चाहिये, हमें बाहर के खाने से बचना चाहिये**

चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, अमेरिका सहित कई देशों में कोरोना के नये वेरिएंट के मामलों और उससे हुई मौतों के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। भारत में भी चीन में तबाही लाने वाले एवं भयंकर तबाही की आहट देने वाले बेरिएंट बीएफ.7 के 4 नये मामले मिले हैं, जो गहरी चिन्ता बढ़ा रहे हैं। सरकार सर्तक हो गयी है, आम जनता को भी सावधान रहना होगा। मास्क पहनने एवं बूस्टर डोज लगवाने के अभियान को गति देनी होगी। सार्वजनिक भीड़ को कम करना होगा, सभाओं, त्यौहारों, राजनीतिक आयोजनों पर नियंत्रण करना होगा, स्कूलों को भी सावधान एवं चौकन्ना रहना होना होगा। सब जानते हैं कि इस विषाणु और उसके संक्रमण से उपजी बीमारी की शुरूआत चीन से हुई थी और उसके बाद दुनिया का अनुभव बेहद त्रासद, डरावना एवं विस्फोटक रहा। यही वजह है कि अब एक बार फिर चीन में जब कोरोना संक्रमण से हालात बिगड़ने की खबरें आ रही हैं तब दुनिया के अनेक देशों के साथ-साथ भारत में भी चिंता की लहर दौड़ गई है। खबरों के मुताबिक चीन में स्थिति नियंत्रण से बाहर जा रही है और संक्रमितों के इलाज के लिए अस्पतालों में जगह नहीं मिल पा रही है। कोरोना की नयी लहर लाने वाले वाले वेरिएंट बीएफ.7 से जुड़ी खबरें एक बार फिर बड़े महासंकट का इशारा कर रही हैं। चीन एवं दुनिया के अन्य देशों में कोरोना के बढ़ते मामले चिंता में डालने लगे हैं, क्योंकि कोरोना की पूर्व लहरों में भारी जन-तबाही हुई है। अब इस नयी लहर को लेकर जैसे भयावह दृश्य चीन में बने हैं, वे भय, डर एवं आशंका का माहौल बना रहे हैं, भारत के लिये सुरक्षित जीवन के लिये बूस्टर डोज एक जरूरी एवं उपयोगी कदम है। पिछले लम्बे समय से कोरोना महामारी को लेकर राहत का माहौल हमने देखा था, उससे यह लगने लगा था कि अब शायद दुनिया पहले की तरह सामान्य स्थिति की ओर लौट रही है। लेकिन अब फिर चीन से जैसी खबरें आ रही हैं, वह एक तरह से सतर्क रहने की चेतावनी दे रही हैं, ताकि समय रहते कोरोना के फैलाव को रोका जा सके। भारत ने पूर्व में कोरोना महामारी को परास्त करने में जो उपक्रम किये, वैसे ही उपक्रम किये जाने की जरूरत है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत सरकार अगर सतर्क हुई है तो यह उसकी जनता के प्रति जागरूकता को दशार्ता है, जो आवश्यक भी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को एक बैठक करके हालात की समीक्षा की। उसके बाद नीति आयोग की तरफ से लोगों को भीड़भाड़ वाली जगह में मास्क लगाने की सलाह दी गई। एयरपोर्ट पर विदेशी यात्रियों की रैंडम सैंपलिंग भी शुरू कर दी गई है। इससे पहले सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया गया कि कोरोना के हर पॉजिटिव सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजा जाए। इससे इस बात पर नजर बनी रहेगी कि देश में इस वायरस का कोई नया वेरिएंट तो नहीं आ गया। ये सावधानियां किसी भयंकर विनाश से भारत की जनता को बचाने एवं सुरक्षित करने के लिये जरूरी हैं। भारत में अभी बेवजह की चिन्ता एवं घबराने की कोई जरूरत नहीं है। एक तो यहां नए केसों की संख्या सबसे निचले स्तर पर है। दूसरे, देश में आबादी के बड़े हिस्से को टीका लग चुका है। साथ ही, यहां नैचरल इम्युनिटी भी विकसित हो चुकी है। दरअसल, भारत में कोरोना से बचाव के लिए जिस तरह व्यापक स्तर पर टीकाकरण कार्यक्रम चलाया गया और लोगों ने इस मसले पर जागरूकता दिखाई, वह यहां राहत का एक बड़ा कारण है। माना जा रहा है कि टीकाकरण के मामले में भारत को जैसी उपलब्धि मिली है, उसमें अब कोरोना के बहुरूपों के संक्रमण से लोग बचे रहेंगे। टीका बनाने वाली कंपनियों के साथ-साथ सरकार की ओर से भी इस बात का आश्वासन दिया गया था कि टीका कोरोना के खिलाफ एक सुरक्षा दीवार के तौर पर काम करेगा। इसके बावजूद विषाणुओं की प्रकृति को देखते हुए हर स्तर पर सजग रहने एवं बूस्टर डोज को प्राथमिकता देने की जरूरत है, अन्यथा इसकी मार से उपजी त्रासदी दुनिया देख चुकी है। कोरोना का अब तक का अनुभव बताता है कि इस वायरस को किसी भी सूरत में हलके में नहीं लेना चाहिए। यह एक बार फैल गया तो इस पर नियंत्रण आसान नहीं है। इसलिए सबसे अच्छा यही है कि जैसे भी हो इसे फैलने से ही रोका जाए। पहले दौर में जब वुहान से विषाणु के संक्रमण की खबरें आईं थी, तब शायद वक्त पर अपने-अपने देशों में सावधानी बरतने को लेकर उतनी जागरूकता नहीं आ पाई थी, नियंत्रण के साधन नहीं थे, आम जनता एवं सरकार तैयार भी नहीं थी। इसलिए उसका असर भी व्यापक हुआ और समूची दुनिया के देश इसकी चपेट में आए। भारत उससे सबसे ज्यादा बुरी तरह प्रभावित होने वाले देशों में से एक था। इसलिए स्वाभाविक ही इस बार चीन में कोरोना से स्थिति बिगड़ने की खबरें आने के साथ ही भारत में सावधानी बरतने को लेकर जरूरी कदम उठाए जाने लगे हैं। यह सरकार की सूझबूझ भी है और जागरूकता भी है। विदेशों में कोरोना के नए मामलों में हो रही अप्रत्याशित बढ़ोतरी सचमुच चिंताजनक है। खासकर चीन में तो भयावह हालात हैं। जिस व्यापक स्तर पर उसके फैलने एवं जिस बड़े पैमाने पर मौतों की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं, वह भारत सहित समूची दुनिया को सतर्क एवं सावधान हो जाने की टंकार है। उसे समय पर गंभीरता से लेना महामारी के प्रकोप को कम करना ही माना जायेगा। चीन के दृश्य डरावने एवं चिन्ता पैदा करने वाले हैं, वहां अस्पतालों में बेड नहीं मिल रहे हैं, शवदाह गृहों में लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सही सूचनाएं सामने नहीं आ रहीं। मंगलवार को चीनी सरकार ने कहा कि किसी मौत को कोविड-19 से हुई मौत माना जाए या नहीं, यह तय करने के आधारों में बदलाव किए गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि चीन वास्तविक तथ्यों से दुनिया को अंधेरे में रखना चाहता है, मौतों की वास्तविक संख्या छुपाना चाहता है। अगर यह सच है तो इससे चीन में हुए कोरोना विस्फोट की वास्तविक प्रकृति को समझने में दिक्कत होगी। जाहिर है, ऐसे में किसी नए वेरिएंट के रूप में दुनिया भर में कोरोना संक्रमण की नई लहर फैल जाने की आशंका और मजबूत होती है और उससे समाधान पाने की राह उतनी ही जटिल होगी।



# अटलजी कहीं गये नहीं हैं, वह हम भारतीयों के मन में सदैव अटल हैं

आज श्रद्धेय अटल जी का जन्मदिन है। महापुरुषों को अक्सर उनके जयंती या पुण्यतिथि पर याद किया जाता है लेकिन अटलजी ऐसी शख्सियत हैं जिन्हें देश हर रोज याद करता है। उनके आदर्शों और उनके द्वारा सिखाई गयी बातों और उनके सिद्धांतों का रोजाना किसी ना किसी बात में उदाहरण दिया जाता है। इसलिए अटलजी कहीं गये नहीं वह तो हमारे बीच में सदैव अटल हैं। देखा जाये तो राष्ट्र हित को हमेशा पहली प्राथमिकता मानते हुए राजनीति करने वाले भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी जैसे नेता हमारे देश में विरले ही हुए हैं। श्रद्धेय अटलजी को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भले 2015 में मिला हो लेकिन वह तो अपने आरम्भ काल से ही भारतीयों के दिलों में बसते हैं। हर भारतीय उन्हें आरम्भ काल से ही भारत रत्न मानता था। भला, कौन भूल सकता है जब 13 दिनों की अटलजी की सरकार गिर गयी थी, तब अटलजी ने सत्ता के लिए जोड़तोड़ करने से साफ इंकार कर दिया था। कह दिया था कि पार्टियों में तोड़फोड़ से मिली सत्ता को वह चिमटे से भी छूना नहीं पसंद करेंगे। अटलजी की सरकार गिरने से भले 1996 में विपक्ष खुश हुआ हो लेकिन देश निराश था। 1998 में जब अटलजी दोबारा प्रधानमंत्री बने तो अमेरिका सहित अन्य विदेशी सैटेलाइटों और विदेशी गुप्तचरों को जरा भी भनक नहीं लगने दी कि भारत परमाणु परीक्षण करने जा रहा है, जो काम पिछले कई प्रधानमंत्री नहीं कर पाये थे वह अटलजी ने सत्ता में आते ही कर दिखाया। दुनिया ने आर्थिक प्रतिबंध लगाये लेकिन अटलजी ने इस मौके का उपयोग भारत को आत्मनिर्भर बनाने में लगाया। अटलजी ने पाकिस्तान से संबंध सुधारने के लिए लाहौर तक बस चलवाई, खुद उसमें बैठ कर लाहौर तक भी गये लेकिन जब कारगिल में घुसपैठ के जरिये उन्हें धोखा मिला तो पाकिस्तान को कड़ा सबक भी सिखाया। देखा जाये तो अटलजी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं विचार थे जिसने भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों को नये सिरे से स्थापित किया, जिसने व्यक्तिगत आलोचनाओं का विरोध किया। दूसरी पार्टियों के लोग भले कितनी भी तगड़ी आलोचना करें पर अटलजी व्यक्तिगत आलोचना नहीं करते थे। उनके शब्दों में व्यंग्य जरूर होता था लेकिन शब्द रूपी तीखे बाण वह कभी नहीं चलाते थे। सत्ता का मोह नहीं रखने वाले ऐसे शीर्षस्थ नेता भारत में ही नहीं दुनिया में भी कम ही हुए हैं। देश नहीं भूला है वह दृश्य जब लोकसभा में एक वोट से अपनी सरकार गिर जाने पर उस फैसले को स्वीकार करते हुए अटलजी संसदीय परम्पराओं का पालन करते हुए सीधा राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंपने चले गये थे। देश नहीं भूला है वह दृश्य जब अटलजी ने अपनी ही पार्टी की गुजरात सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए उसे राष्ट्रधर्म निभाने की सलाह सार्वजनिक रूप से दे डाली थी। ऐसी सलाह वही दे सकता है जिसके लिए पार्टी से बड़ा राष्ट्र हो। भारत के राजनीतिक इतिहास के पन्नों को पलटें तो पता चलता है कि जब बाबरी ढांचा ध्वंस के बाद भाजपा को राजनीतिक छुआछूत का सामना करना पड़ रहा था और कोई भी दल उसके साथ नहीं आना चाहता था तब वाजपेयी जी के चेहरे को ही भाजपा ने आगे किया। उस समय 24 दलों की गठबंधन सरकार सफलतापूर्वक चला कर अटलजी ने साबित किया था कि वह गठबंधन राजनीति के ब्रांड अम्बेसेडर हैं। उस समय जो भी दल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हुआ था उसने यही कहा था कि समर्थन भाजपा को नहीं अटल बिहारी वाजपेयी को दिया है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा देकर उस पर अमल करने की बात कर रहे हैं लेकिन देखा जाये तो 'सबका साथ, सबका विकास' तो अटलजी ने ही शुरू किया जिसको मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। भारतीय राजनीति में अटल जी के बराबर किसी नेता का कद नहीं है। यही नहीं, अटल बिहारी वाजपेयी के विपक्ष में भले बहुत दल या राजनेता थे लेकिन उनके विरोध में एक भी दल और एक भी राजनेता नहीं था। अटलजी को जिस तरह हर राजनीतिक दल और राजनेता याद करते हैं वैसा सिर्फ महापुरुषों को ही नसीब होता है। अटलजी राजनीति में भद्रता, मर्यादित भाषा का ही इस्तेमाल करने वाले, सत्ता के लिए कभी किसी को धोखा नहीं देने वाले, विपक्ष के लोगों के भी विचार सुनने और यदि अपनी गलती हो तो उसे स्वीकार करने वाले, आम जनता से सीधा संवाद बनाने वाले, भारत माता का गौरव दुनिया में बढ़ाने वाले, अपनी कविताओं और रचनाओं से देशप्रेम का पाठ पढ़ाने वाले अजातशत्रु थे। अटलजी लगभग दस वर्षों तक बिस्तर पर रहे और इस दौरान हर भारतीय यही दुआ करता रहा कि काश! अटलजी उठें और बोलें। हर कोई उनको सुनना चाहता था। अटल जी को सक्रिय राजनीति से और इस धरा से दूर हुए वर्षों हो गये लेकिन शायद ही कोई ऐसा समय हो जब कभी उनके विचारों और भाषणों का जिक्र नहीं हुआ हो। अटलजी जब अपना शरीर छोड़कर चले गये तो सबको निःशब्द कर गये थे। उस समय सरकारी कार्यालयों और स्कूलों में तो अवकाश सरकार ने घोषित किया लेकिन यह उनकी शख्सियत का ही कमाल था कि निजी कार्यालयों ने स्वतः ही अवकाश घोषित कर दिये गये थे, व्यापारियों ने मंडियां और दुकानें एक दिन के लिए बंद कर दीं, मंदिरों, मस्जिदों, गिरजाघरों में अटलजी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थनाएं की गयीं थीं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बाद देश ने दूसरी बार इतनी बड़ी अंतिम यात्रा किसी नेता की देखी तो वह अटलजी की थी।

# दुनिया की फिक्र

ऐसे वक्त में जब दुनिया तमाम खेमों में बंटी है कनाडा के मांट्रियल में संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन यानी कॉप-15 में निर्णायक समझौते पर पहुंचना सार्थक प्रगति है। समझौते को लेकर 196 देशों ने सहमति जतायी है। यह भारत की मुहिम की सफलता मानी जा रही है कि तमाम लक्ष्यों का स्वरूप वैश्विक रखा गया है। साथ ही यह छूट भी दी गई है कि समझौते में शामिल देश अपनी प्राथमिकताओं, परिस्थितियों तथा क्षमताओं के अनुसार इसके प्रावधानों का अनुपालन करें। महत्वपूर्ण बात यह है कि सभी देश वर्ष 2030 तक धरती व समुद्र के तीस फीसदी हिस्से को प्रकृति के अनुरूप संरक्षित करेंगे। साथ ही खास बात यह कि कृषि के लिये दी जा रही उस सब्सिडी में पांच सौ अरब डॉलर की कमी लायी जायेगी जो हमारे जलवायु संकट को बढ़ाने में भूमिका निभाती है। ऐसे हालात में जब पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव से मौसम में आये बड़े बदलावों से होने वाली क्षति से जूझ रही है, यह समझौता उम्मीद जगाने वाला है। दरअसल, अब तक जो विकसित देश जिम्मेदारी से बचने की कोशिश में रहते थे, वे अब क्लाइमेट चेंज के घातक प्रभावों को अपने देश में महसूस करने लगे हैं। यही वजह है कि उन्होंने समझौते के पक्ष में हामी भरी है। निस्संदेह इस समझौते के क्रियान्वयन को लेकर तमाम तरह के किंतु-परंतु जुड़े हैं, लेकिन फिर भी समझौते ने आगे की राह तो बनायी है। मौजूदा 17 फीसदी संरक्षित पृथ्वी के हिस्से को अगले सात वर्षों में तीस फीसदी तक ले जाना भी एक बड़ी चुनौती होगी। इसके लिये विकास के तौर-तरीकों व नीतियों में बदलाव की दरकार होगी। जिसके लिये विकासशील देशों व गरीब मुल्कों को अतिरिक्त धन जुटाना होगा। अब देखना होगा कि पर्यावरण सुधारने व कार्बन उत्सर्जन पर नसीहत देने वाले विकसित देश समझौते को लागू करने के लिये कितना आर्थिक योगदान देते हैं। संभव है ग्लोबल वार्मिंग प्रभावों की आंच घर तक पहुंचने के बाद उनका रवैया बदले। बहरहाल, इस संकटकाल में भारत की पहल पर वैश्विक सहमति महत्वपूर्ण कही जा रही है। हमारी पहल पर सभी लक्ष्यों का वैश्विक स्वरूप रखा जायेगा ताकि सभी देश अपनी क्षमताओं व प्राथमिकताओं के आधार पर समझौते को क्रियान्वित कर सकें। बहरहाल, ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से दुनिया को बचाने के लिये तमाम राष्ट्र सजग-सहमत तो हुए हैं। यह अच्छी बात है कि विकासशील देशों में 2025 तक बीस अरब डॉलर व उसके बाद 2030 तक हर साल तीस अरब डॉलर की वित्तीय मदद की सहमति बनी है। इस बात को भी स्वीकारा गया कि जैव-विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा की जायेगी । निस्संदेह, इस कदम से उनका विस्थापन रोकने में मदद मिलेगी। दरअसल, भारी-भरकम विकास के नाम पर करोड़ों आदिवासियों का दुनिया में विस्थापन हुआ है। उन्हें उनके मूल अधिवास से ही खदेड़ दिया गया। उन्होंने औद्योगीकरण की बड़ी कीमत चुकाई है। निस्संदेह, यदि संपन्न राष्ट्र वर्ष 2030 तक जैव विविधता के लिये महत्वपूर्ण मानी जा रही तीस फीसदी भूमि व महासागरों की रक्षा के लिये ईमानदारी से सहयोग करेंगे तो यह दुनिया के तापमान को नियंत्रित करने में सहायक होगा। इससे खतरे में पड़ी खाद्य सुरक्षा शृंखला को बचाने व पेयजल के संकट को दूर करने में कामयाबी मिल सकती है। लगातार जलवायु परिवर्तन का संकट झेलती वैश्विक बिरादरी को स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि जैव विविधता के संरक्षण के बिना दुनिया का अस्तित्व संभव नहीं है। जिसको लेकर हमें संजीदगी दिखानी ही होगी। इसके अलावा दुनिया में खाद्यान्न की बबार्दी को पचास फीसदी घटाने का लक्ष्य भी एक रचनात्मक पहल होगी। इसके साथ ही पर्यावरण के लिये घातक कीटनाशकों के प्रयोग में कटौती पर जो सहमति बनी है, उसका भी सख्ती से अनुपालन हो। तभी यह समझौता जैव विविधता की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है। लेकिन यह तय है कि दुनिया को बचाने के लिये सरकारों के साथ ही नागरिकों के स्तर पर भी जागरूकता लानी जरूरी है। वैसे इस समझौते की सफलता के लिये कारगर निगरानी तंत्र भी होना चाहिए।




मेषः- व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

वृषभः- आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

मिथुनः- मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

कर्कः- कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

सिंहः- आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

कन्याः- आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

तुलाः- आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

वृश्चिकः- आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

धनुः- आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

मकरः- व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

कुंभः- गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

मीनः- माता लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

### अतिथि शिक्षिका ने प्रभारी प्राचार्य पर

# अभद्रता सहित लेनदेन कर अपात्र लोगों को नियुक्ति प्रदान करने का आरोप लगाये

## कलेक्ट्रेट जनसुनवाई पहुंची अतिथि शिक्षिका सुषमा राजपूत ने नोटराइज़ शपथपत्र देकर अपनी शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई

**रिपोर्टर- प्रतीष अग्रवाल पुष्पांजलि टुडे**

मधुसूदनगढ़-ह्याई स्कूल उकावद प्रभारी प्राचार्य जगदीशचंद्र शिकारी ने अपने विद्यालय में स्वयं की बेटी को विषय अंग्रेजी मे अतिथि शिक्षक के पद पर नियुक्त कर रखा है एवं विषय संस्कृत में स्कोर कार्ड में कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यार्थियों को नियुक्ति दे रखी है। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट पहुंची सुषमा राजपूत ने बताया कि का उकावद स्कूल में पहले अतिथि शिक्षिका थी लेकिन प्रभारी प्राचार्य जगदीशचंद्र शिकारी द्वारा सुषमा राजपूत अतिथि शिक्षक के आवेदन पत्र लेने एवं अनुभव प्रमाण पत्र बनाए जाने को लेकर अभद्रता की एवं दस्तावेज फाड़ कर फेंक दिए। प्रभारी प्राचार्य शिकारी द्वारा विद्यालय में बिना मेरिट के आधार पर एवं स्कोर कार्ड में कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को अतिथि शिक्षक के रूप में नियुक्ति प्रदान कि जो कि अपनी मनमानी ढंग एवं लेनदेन का पर्याय है। जन सुनवाई




के दौरान सुषमा राजपूत नामक युवती ने शपथ पत्र पेश कर कलेक्टर के सामने अपनी शिकायत रखी एवं न्याय की गुहार लगाई। नोटेराईज शपथ पत्र में लिखा गया की शासकीय हाई स्कूल उकावद प्राचार्य का प्रभार जगदीशचंद्र शिकारी के पास है। प्रभारी प्राचार्य ने विद्यालय में अतिथि शिक्षक के पद पर बिना डीएड बीएड की अभ्यर्थी स्वयं की बेटी को बिना मेरिट के आधार पर विषय अंग्रेजी में नियुक्ति प्रदान की एवं अन्य विषयों में भी स्कोर कार्ड में कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति दे रखी है जो कि अपात्र है। आरोप यह भी है कि प्रभारी प्राचार्य किसी से अच्छे से बात नही करते जिससे कि लोग परेशान हैं। शिकायतकर्ता सुषमा राजपूत ने यह बताया कि वह अपने अनुभव प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रभारी प्राचार्य के पास गई यहां पर उन्होंने लाल स्याही से अनुभव प्रमाण पत्र गोला बनाकर झलाते हुए असभ्यता , अभद्रता के साथ बात करते हुए अभ्यर्थी का अनुभव प्रमाण पत्र फाड़ करके फेंक दिया। प्रभारी प्राचार्य पर शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि वह स्थानीय निवासी होने के कारण विद्यालय में मनमानी ढंग से काम करते हैं एवं लेनदेन कर अपात्र लोगों को अतिथि शिक्षक के पद पर नियुक्ति प्रदान किए हुए हैं।





# महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती नगर परिषद पिछोर में मनाई गई

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**पिछोर।** पिछोर में आज 27 दिसंबर को महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जिसमें रथ पर महाराजा खेत सिंह जी की तस्वीर को रखकर नगर के प्रमुख मार्गों से संचलन निकाला तथा भारत माता की जय एवं खेत सिंह महाराज की जय के उद्घोष किए गए। नगर भ्रमण करने के पश्चात शोभा यात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंची जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर परिषद पिछोर की अध्यक्षा श्रीमती कविता पाठक उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता रामस्वरूप वर्मा जी ने की। पिछोर नगर के साथ-साथ अन्य ग्रामों से आए हुए सभी सज्जनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर प्रोत्साहित किया गया, कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक प्रीतम सिंह वर्मा, रघुवीर सिंह वर्मा, माधुरी शरण वर्मा, ने महाराजा खेत सिंह जी के कार्यकाल पर प्रकाश डाला कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्रीमती कविता पाठक ने महाराजा खेत सिंह जी के विषय में अपने विचार व्यक्त किए तथा कहा कि खंगार क्षत्रिय समाज हमेशा से हिंदू धर्म का रक्षक रहा है और इनका इतिहास सभी के समक्ष आना चाहिए आजादी के अमृत महोत्सव से ऐसे महानायकों के बारे में हमें जानकारी प्राप्त होती है। अध्यक्षीय उद्बोधन रामस्वरूप वर्मा का रहा आभार व्यक्त एडवोकेट अमित वर्मा ने किया तथा मंच का सफल संचालन आशीष वर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी जयवंत वर्मा, अशोक वर्मा, आनंद कुमार वर्मा, रूप सिंह परिहार, इमरत लाल परिहार, राजू परिहार, जनपद सदस्य कप्तान सिंह परिहार, नरेंद्र वर्मा, पंकज वर्मा, शिवराज वर्मा, राजकुमार वर्मा, अवधेश वर्मा तथा नगर की सभी सभी समाज के गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रीय खंगार समाज के सज्जन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# महामहिम राष्ट्रपति के पाली जिले के कार्यक्रम में प्रोटोकॉल की पालना को लेकर मुख्य सचिव ने ली वीडियो कांफ्रेसिंग बैठक

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**

**पाली राजस्थान।** रोहट महामहिम राष्ट्रपति के पाली जिले के रोहट कस्बे में 18 नेशनल जंबूरी कार्यक्रम का उद्घाटन करने के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रोटोकाल के अनुरूप पालना करें को लेकर मुख्य सचिव ने ली वीडियो वीडियो कॉन्फ्रेसिंग बैठक ।राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्म के आगामी 3 एवं 4 जनवरी 2023 को प्रस्तावित राजस्थान प्रवास की तैयारी को लेकर मुख्य सचिव राजस्थान सरकार उषा शर्मा ने मंगलवार को वीडियो वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए बैठक ली।



**कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी**-वीसी के पश्चात अतिरिक्त जिला कलेक्टर पाली चंद्रभान सिंह भाटी ने जिले के अधिकारियों की बैठक लेते हुए महामहिम की यात्रा कार्यक्रम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि महामहिम के पाली प्रवास के दौरान सभी बंदोबस्त प्रोटोकॉल के अनुरूप हो ।इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अवगत कराया कि महामहिम राष्ट्रपति 4 जनवरी 2023 को अपराह 2ः55 पर निम्बली हेलीपैड पहुंचेंगे। वीसी में जयपुर मुख्यालय सहित जयपुर जोधपुर पाली और सिरोही जिलों के अधिकारी शामिल हुए। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने महामहिम के यात्रा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने आगमन को लेकर प्रस्थान तक विभिन्न आयोजनों के दौरान निर्धारित यात्रा कार्यक्रम को लेकर पालना करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी तरह की व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के लिए पाबंद किया। मुख्य सचिव शर्मा ने कहा कि महामहिम की यात्रा कार्यक्रम के दौरान संबंधित जिले के जिला कलेक्टर प्रभारी अधिकारी रहेंगे जो सभी अधिकारियों से समन्वय करते हुए यात्रा के समय तैयारी सुनिश्चित करेंगे।

# जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना रेवेन्द्र खोंगल के हस्ते हुआ आरसीसी नाली निर्माण किया का भूमिपूजन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**



जनपद पंचायत लांजी अन्तर्गत ग्राम पंचायत बहेला में स्वकराधान योजना एवं मनरेगा से 5 लाख 17 हजार रूपये की लागत से आरसीसी नाली का निर्माण कार्य किया जाना है, जिसका भूमि पूजन 27 दिसंबर को प्रातः9 बजे जनपद पंचायत लांजी की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना रेवेन्द्र खोंगल के हस्ते किया गया। यह नाली निर्माण सांई मंदिर से तिलक कोड़ापे के निवास तक 130 मीटर लंबी नाली बनाई जायेगी। उक्त भूमि पूजन कार्यक्रम में सरपचं श्रीमती सुनिता चौरागड़े, उपसरपंच कोमल काढ़े, श्रीमती गुणवता बाई फर्दे, शेषराम वानखेड़े, पूर्व सरपंच जितेन्द्र हटीले, अशोक चौरागड़े, हरिचंद गोटमारे, योगेश खोंगल, दिनेश खोंगल, रेवेन्द्र खोंगल, ताराचंद गोटमारे, राजेश वानखेड़े, विजय मोरे, सविता फाये, शिलावंती सोनवाने, रामकला भोयर, सोमेश्वरी नगपुरे, लीला राउत, अनुसया राउत, रामशिला सोनवाने, दिलमती भैसार, कांतिबाई सोनवाने, गीता करसायल, अंशुल खोंगल, दीक्षा खोंगल, शोभा खोंगल, अरूण उइके, तिलक कोडापे, संतोष कोड़ापे, चन्दशेखर गोटमारे हेमवंती नगपुरे, गणेश चौरागड़े, नर्मदा लिल्हारे आदि बहेला की ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# फरार गौतस्करों को बहेला पुलिस ने दबोचा, न्यायालय में किया पेश

## 46 मवेशियों को क्रूरतापूर्वक ले जा रहे थे कत्लखाने

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

**लांजी-** लांजी अनुविभाग के बहेला थाना अंतर्गत टिमकीटोला के जंगल में 18 दिसंबर को बहेला पुलिस ने कत्लखाने ले जा रहे गौवंशों को बचाया था, साथ ही 1 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 3 आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था, अपराध दिनांक से दो अन्य आरोपी करीम खान पिता चन्द्राखान निवासी टिमकीटोला और नूर खान उर्फ नूरु निवासी टिमकीटोला फरार बताये जा रहे थे, जिन्हे 27 दिसंबर को बहेला पुलिस के द्वारा हिरासत मे लेकर न्यायालय मे पेश किया गया है। उक्त संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बहेला पुलिस ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गश्ती के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि टिमकीटोला के जंगल में गौवंश (मवेशी) को जबरन मारपीट कर क्रुरतापूर्वक हांकते हुए बेचने के लिए जंगल के रास्ते महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा है। जिसके बाद थाना प्रभारी दिनेश कुमार भंवर के आदेशानुसार पुलिस बल मुखबीर के बताए स्थान पर पहुंचे तो पाया कि तीन व्यक्ति मुखबधिर गौवंश (मवेशी) को जबरन मारते पिटते क्रुरतापूर्वक हांकते हुए महाराष्ट्र के जंगल की ओर जा रहे थे। तभी पुलिस बल ने आरोपी को घेर कर पकडऩे का प्रयास किया। पुलिस की इस कार्रवाई में एक व्यक्ति मौके पर पकड़ाया वहीं बाकि दो आरोपी जंगल का फायदा उठा कर जंगल तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है, जिसमें 18 दिसंबर को एक आरोपी हिरासत में लेकर न्यायालय मे पेश किया गया था तथा उक्त घटना में फरार करीम खान पिता चन्द्राखान




की ओर भाग निकले। पुलिस ने पकड़े हुए व्यक्ति का नाम गोवर्धन पिता मंगुलाल टेकाम जाति गोंड उम्र 29 साल निवासी सालेवाड़ा जिला खैरागढ़ का होना बताया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में कुल गौवंश (मवेशी) 46 नग जप्त कर जप्ती पंचनामा तैयार किया है। वहीं तीनों आरोपी के विरुद्ध धारा 4.9.6 म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 व धारा 11 (घ) पशु क्रुरता अधिनियम के निवासी टिमकीटोला और नूर खान उर्फ नूरु पिता मजीद खान निवासी टिमकीटोला के विरूद्ध थाना बहेला के अपराध क्र 119/22 धारा 4,6,9 गौ वंश बध प्रतिसेध अधिनियम 11 घ पशु अत्याचार अधिनियम के तहत फरार आरोपियो को गिरफ्तार कर 27 दिसंबर 2022 को न्यायालय लांजी पेश किया गया जिन्हें न्यायालय के द्वारा जमानत दिया गया।

# करुणागिरी में 1 जनवरी को प्रांत स्तरीय भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस का होगा आयोजन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बालाघाट जिले की लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम कलपाथरी में करुणागिरी समिति के माध्यम से प्रांत स्तरीय भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत प्रातः।ः00 बजे से सद्भावना धम्म रैली करुणा बुद्ध विहार कलपाथरी से प्रस्थान होकर करूणागिरी पहाड़ी पहुंचेगी, जहां पूज्य भंते धम्माशिखर थेरो एवं भिक्षु संघ के द्वारा पूजा वंदना की जाएगी । प्रातः 11 से अपरान्ह 1 बजे तक पूज्य भिक्षु संघ द्वारा धम्मदेशना दी जाएगी एवं दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक गोरखपुर कटरा उत्तर प्रदेश से पहुंचे रामप्रसाद साहेब और उनके मंडली द्वारा संगीतमय कबीरवाणी की प्रस्तुति दी जाएगी। सायं 4 से 8 बजे तक मंचीय कार्यक्रम लांजी विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री हिना लिखीराम कावरे एवं नंदकुमार बघेल समतावादी विचारक रायपुर छत्तीसगढ़ के मुख्य आतिथ्य में तथा समिति के अध्यक्ष पी डी भालाधरे की अध्यक्षता में मंचीय कार्यक्रम संपन्न होगा। उक्त मंचीय कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विनोद कोसले बिलासपुर ,सविता बेदरकर गोंदिया, सुनील गणवीर एवं संजय बोरकर रायपुर अपनी गरिमामई उपस्थिति देंगे।

**1 जनवरी 2023 को निशुल्क रोग निदान शिविर का आयोजन**-नव निर्माण फाउंडेशन युवा समिति व यूनाइटेड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ट्रामा सेंटर गोंदिया के सौजन्य से 1 जनवरी 2023 दिन रविवार को समय 12ः00 बजे से करुणागिरी कलपाथरी लांजी में निःशुल्क रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में मुख्य रूप से डॉ. पराग जयपुरिया किडनी ,पथरी, मूत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ निधि जयपुरिया नेत्र रोग विशेषज्ञ ,कार्निया सर्जन, डॉ वर्षा सिंह एमबीबीएस जनरल फिजिशियन, शुभम पटले एमबीबीएस, एमडी, हृदय रोग मधुमेह विशेषज्ञ, डॉ अक्षय रहमतकर मुख दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ राकेश दहीकर शिशुरोग ,चर्म रोग, वात रोग चिकित्सक , डॉ संतोष रतोने बीएचएमएस जनरल फिजिशियन, तथा चंद्रदीप रामटेके ऑप्टोमेट्रिस्ट नेत्र सलाहकार अपनी सेवाएं देंगे। इस शिविर में पहुंचने की अपील लिकेश येडे सरपंच ग्राम पंचायत कलपाथरी,अरुण कबीरे सरपंच ग्राम पंचायत पाथरगांव युवराज पटले जनपद सदस्य लांजी नितिन बोरकर, ऋषभ गड़पायले, हरीश शेंडे, प्रकाश बिसेन, महेंद्र बंसोड़ पद्माकर बंसोड़, राधेश्याम एडे और फाउंडेशन के समस्त सदस्यों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

# कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने जनसुनवाई में सुनीं गई 59 आवेदकों की समस्याएं

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट।** 27 दिसंबर दिन मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम, डिप्टी कलेक्टर विरेन्द्र रावत एवं श्रीमती आयुषी जैन ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ अपनी समस्या लेकर आये आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम परसवाड़ा एवं खैरगांव के किसान शिकायत लेकर आये थे कि उनके खेतों में जाने वाली निस्तारी पांदन (बैलगाड़ी जाने का कच्चा रास्ता) की भूमि पर बाबूलाल बिंझवार, शंकर ऊर्फ बंटी बिंझवार, नंदकिशोर बिंझवार द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया है और उदाजी व बिरनबाई की भूमि पर पक्का मकान भी बना लिया गया है। जिसके कारण गांव के किसानों को खेत आने-जाने में परेशानी हो रह है। अतः पांदन की भूमि पर किया गया अतिक्रमण शीघ्र हटाया जाये। लालबर्रा विकासखंड के ग्राम कोपे का कुमेन्द्र देशमुख मनरेगा से पशु शेड निर्माण कराने की मांग लेकर आया था। कुमेन्द्र का कहना था कि वह बीपीएल की श्रेणी में है और जीवन यापन के लिए पशुपालन का कार्य करता है। उसके द्वारा 06 माह पहले ही पशुशेड निर्माण के लिए आवेदन दिया गया है। कुमेन्द्र देशमुख द्वारा यह शिकायत भी की गई कि ग्राम पंचायत कोपे के सरपंच द्वारा नारायण ठाकरे के 05 वर्ष पुराने पशु शेड को ही स्वीकृत कराकर राशि गबन की गई है। इसकी जांच कर सरपंच से वसूली की जाये।

लांजी तहसील से महिला शिकायत लेकर पहुंची जनसुनवाई में लांजी तहसील के ग्राम कुम्हारी खुर्द की कुंती अगेरे शिकायत लेकर आयी थी कि ग्रामीणों द्वारा ग्राम में शासकीय मद की चारागाह की भूमि पर जोर जबरदस्ती कर आवश्यकता से अधिक भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसके कारण गांव के गरीब जरूरतमंद लोगों को आवास निर्माण के लिए भूमि का पट्टा नहीं मिल रहा है। खैरलांजी तहसील के ग्राम तुमसर के महेन्द्र एवं सुरेन्द्र डहरवाल शिकायत लेकर आये थे कि आनलाईन पोर्टल पर उनके परिवार की सूची नहीं होने के कारण उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन रहा है। अतः उनका आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाया जाये। किरनापुर तहसील के ग्राम नेवरगांव का प्रदीप भालेराव उसके द्वारा जुलाई 2022 में खरीदे गये ट्रेक्टर, रोटावेटर एवं नांगर (हल) पर 50 प्रतिशत अनुदान दिलाने की मांग लेकर आया था। वारासिवनी के वार्ड नंबर-01 का विमल कुमरे बैगा विशेष भर्ती अभियान के अंतर्गत शासकीय सेवा में नियुक्ति देने की मांग लेकर आया था। जनसुनवाई में बिरसा



विकासखंड के ग्राम पंचायत डाबरी के सरपंच चुन्नीलाल उईके उनके ग्राम में मोबाईल नेटवर्क नहीं होने के कारण गांव में मोबाईल टावर लगाने की मांग लेकर आये थे। सरपंच श्री उईके का कहना था कि मोबाईल नेटवर्क नहीं होने के कारण गांव के स्कूल के शिक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता को आनलाईन काम करने में बहुत परेशानी हो रही है। अतः उनके गांव में शीघ्र मोबाईल टावर लगाया जाये। किरनापुर तहसील के ग्राम कांद्रीकला का राधेश्याम भेलावे शिकायत लेकर आया था कि उनके गांव के भरतराम भोंगाड़े द्वारा जंगल से चोरी से तेंदूपत्ता लाकर महाराष्ट्र के गोंदिया में बेचा जाता है। वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा भरतराम भोंगाड़े पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। अतः वन विभाग के अधिकारी भरतराम के घर में अवैध रूप से रखा तेंदूपत्ता जब्त करने की कार्यवाही करें।

जनसुनवाई में बैहर विकासखंड की ग्राम पंचायत कुकर्रा के सरपंच नरेन्द्र चिचाम शिकायत लेकर आये थे कि ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा बिना प्रस्ताव के काम कराने का प्रयास किया जा रहा है। पूर्व में निरस्त किये गये प्रस्ताव को अमल में लाकर ग्रेवल रोड पर मिट्टी मुरम के अधूरे कार्य की राशि निकाली जा रही है। सरपंच की जानकारी के बिना ही 14 दिसंबर 2022 को 03 लाख रुपये की राशि आहरित कर ली गई और वेंडर भाई कृषि फार्म, ममता भारद्वाज को भुगतान किया गया है। जबकि ममता भारद्वाज की फर्म की निर्माण कार्य में कोई भागीदारी नहीं है। अतः इसकी जांच की जाये। वारासिवनी विकासखंड की ग्राम पंचायत उमरवाड़ा की उप सरपंच भुरकन बाई शिकायत लेकर आयी थी कि पंचायत की सरपंच पूनम पांडे एवं सरपंच पति प्रवीण पांडे द्वारा पंचायत के कार्यों में भारी अनियमितता की जा रही है और उसे व उसके पति को जेल भेजने की धमकियां दी जा रही है। अतः ग्राम पंचायत उमरवाड़ा के कार्यों की जांच कर दोषी व्यक्तियों पर कार्यवाही की जाये। किरनापुर विकासखंड के ग्राम सिहोरा की नान्ही बाई शिकायत लेकर आयी थी कि उसे प्रधानमंत्री आवास योजना में 25 हजार रुपये की पहली किश्त मिली है। लेकिन उसे आबंटित आबादी भूमि पर प्रमिला लिल्हारे द्वारा आवास निर्माण नहीं करने दिया जा रहा है। नान्ही बाई का कहना है उसके पति की मृत्यु हो गई है और उसके कोई बच्चे भी नहीं है। अतः उसे अपना मकान बनवाने में सहयोग किया जाये। लांजी विकासखंड के ग्राम मोहारा की दिव्यांग युवती कुमारी प्रीति ठाकरे एवं विधवा अंजली पारधी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग लेकर आयी थी। लांजी विकासखंड की ग्राम पंचायत दिघोरी के ग्रामीण शिकायत लेकर आये थे कि वर्तमान सरपंच एवं सचिव द्वारा पंचायत के प्रस्ताव के बिना स्वयं को लाभ पहुंचाने के लिए फर्जी तरीके से राशि का आहरण किया जा रहा है। संबल योजना में अंत्येष्टि सहायता की राशि का फर्जी तरीके से आहरण किया जा रहा है और एक ही बिल को बार-बार दर्शाया जा रहा है। सरपंच सचिव द्वारा मनमानी की जा रही है ग्रामीणों को धमकी दी जा रही है कि उनका नाम जाब कार्ड और गरीबी रेखा से हटा दिया जायेगा। अतः इसकी जांच की जाये।

## यूपी निकाय चुनाव पर हाई कोर्ट के फैसले के बाद सपा की पहली प्रतिक्रिया



यूपी में नगर निकाय चुनाव को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट का मंगलवार को फैसला आ गया है. कोर्ट के फैसले के बाद अब राज्य में निकाय चुनाव का रास्ता साफ हो गया. लेकिन इसी बीच बीजेपी सरकार पर समाजवादी पार्टी ने जबरदस्त हमला बोला है. उन्होंने बीजेपी सरकार को पिछड़ा विरोधी बताया है. सपा के मीडिया सेल ने ट्वीट कर लिखा, पिछड़ा विरोधी भाजपा का असली चेहरा आज सामने आ गया है. भाजपा यादव विरोधी तो थी ही, भाजपा ने कुर्मी, कोइरी, लुहार, भुर्जी, कश्यप, निषाद, मल्लाह ,गोंड, धुरिया, नाई, तेली, मौर्य, शाक्य, कुशवाहा समेत सभी अन्य पिछड़ा वर्ग सबको धोखा दिया है. समस्त पिछड़ा वर्ग भाजपा की नीयत जान ले.

**बीजेपी के साथी ने भी किया विरोध**-वहीं दूसरी ओर इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर बीजेपी गठबंधन के साथी अपना दल एस ने भी असंतोष व्यक्त किया. अपना दल के ओर से बीजेपी सरकार में मंत्री आशीष पटेल ने कहा, उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ अपना दल एस सुप्रीम कोर्ट जाएगा. हाई कोर्ट के फैसले का पार्टी अध्ययन कर रही है. लेकिन बिना ओबीसी आरक्षण के निकाय चुनाव सही नहीं है. वहीं इससे पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने फैसला मंगलवार को सुनाते हुए राज्य सराकर द्वारा पांच दिसंबर को जारी ड्राफ्ट नोटिफिकेशन को खारिज कर दिया. इसके अलावा कोर्ट ने बिना ओबीसी आरक्षण के ही राज्य में निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया है.

## 2024 से पहले अखिलेश यादव ने बदली रणनीति

# पार्टी को एकजुट करने के लिए कर रहे हैं काम

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव इन दिनों अलग-अलग जिलों का दौरा कर रहे हैं और जेल में बंद पार्टी के विधायक और पूर्व विधायकों से मुलाकात कर रहे हैं. दरअसल मैनपुरी उपचुनाव के बाद अखिलेश यादव ने अपनी रणनीति बदली है. कभी उन पर एसी कमरे में बैठ कर राजनीति करने का आरोप लगता था लेकिन अब अखिलेश यादव एसी छोड़कर अलग-अलग जिलों में दौड़ रहे हैं. उनकी ये कवायद 2024 के लिहाज से काफी अहम मानी जा रही है. समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पहले कानपुर गए और वहां जेल में बंद पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी से मुलाकात की. इसके बाद आज अखिलेश यादव झांसी पहुंचे और वहां भी जेल में बंद पार्टी के पूर्व विधायक दीपेंद्र यादव से मुलाकात की. अखिलेश ने इस दौरान प्रदेश सरकार पर जमकर आरोप लगाए. उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि समाजवादी पार्टी के विधायकों और कार्यकर्ताओं को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है. उन पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं.

**2024 से पहले जमीनी हकीकत जानने में जुटे अखिलेश**-दरअसल ये सब अखिलेश यादव की बदली हुई रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है. कहा जा रहा है कि अखिलेश यादव मैनपुरी उपचुनाव के नतीजे आने के बाद से ही लखनऊ की बजाय दूसरे जिलों का ही दौरा कर रहे हैं. कभी वो मैनपुरी में रहते हैं, कभी इटावा चले जाते हैं तो कभी दिल्ली चले जाते हैं. कभी कानपुर तो कभी झांसी. अखिलेश यादव 2024 को लेकर अब खुद जिलों में जाकर वहां जमीनी हकीकत जानने में जुटे हैं कि पार्टी का कैसा फीडबैक है. वहीं इन दौरों से वो उन आरोपों का भी जवाब दे रहे है जब उन पर जेल में बंद आजम खान से ना मिलने के आरोप लगे थे.

**अखिलेश पर हमलवार हुई बीजेपी**-वहीं दूसरी तरफ अखिलेश यादव के जेल के दौरे पर बीजेपी हमलावर हो गई है. उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य हों, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी हों या सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर सब कहीं ना कहीं इसके जरिए अखिलेश यादव पर निशाना साध रहे हैं. डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने तो यहां तक कह दिया कि जेल जाने से पहले वो जेल का दौरा कर रहे हैं. बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि सपा में संगठन की कमी है क्योंकि हमेशा वो गुंडे माफियाओं का ही साथ देते रहे हैं, जबकि जेपीएस राठौर का कहना है कि अखिलेश यादव भले कितने जिलों का दौरा कर ले लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुलडोजर इसी तरह चलता रहेगा.

**लोकसभा चुनाव से पहले ही तैयारी**-2024 के लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में निकाय के चुनाव भी होने हैं समाजवादी पार्टी भी इस चुनाव में जोर-शोर से जुटी है और अखिलेश यादव जब जिलों के दौरे पर जा रहे हैं तो वहां पर जिलों के नेताओं से भी मुलाकात कर रहे हैं साथ ही साथ जो लोग टिकट चाह रहे वो भी लगातार अखिलेश से मिल रहे हैं. हालांकि उनके इन दौरों को लेकर अब यूपी की सियासत गरमा गई है.

## सर्दी में ठिठुर रहे युवक को देख रुके ब्रजेश पाठक

भारत में कोविड-19 मामलों में किसी भी बढ़ोतरी की स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों की तैयारियों की पड़ताल करने के वास्ते को एक 'मॉक ड्रिल' टेस्ट किया गया. इस दौरान देशभर के सभी कोविड अस्पतालों में 'मॉक ड्रिल' में राज्य के सभी स्वास्थ्य मंत्री अपने स्तर पर हिस्सा लेते दिखाई दिए. यूपी के स्वास्थ्य मंत्री और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी बलरामपुर के अस्पताल में पहुंचे. इस दौरान एक दिल को छू जाने वाली तस्वीर सामने आई. दरअसल, जब ये 'मॉक ड्रिल' टेस्ट के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक बलरामपुर के अस्पताल में थे, उसी वक्त एक शर्ट के भरोसे सर्दी में ठिठुरता युवक दिखाई दिया. तब डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बड़ा दिल दिखाते हुए 'मॉक ड्रिल' टेस्ट को दो मिनट के लिए रोकने का निर्देश दिया. इसके बाद उन्होंने अपनी सदरी उतारकर युवक को पहना दी. जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है.

**स्वास्थ्य मंत्री की अपील**-हालांकि इससे पहले आगरा में चीन से लौटे एक व्यक्ति के संक्रमित पाया गया था. जिसके बाद स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने हाल ही में विदेश यात्रा से लौटे व्यक्तियों से सोमवार को, तब तक घर में रहने की अपील की. जब तक कि वे कोविड-19 की जांच नहीं करा लेते. उन्होंने कहा, ''अगर किसी की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आती है, तो उन्हें तुरंत प्रशासन को सूचित करना चाहिए और हम सभी व्यवस्था करेंगे.'' उन्होंने कहा, ''हमें आगरा में एक कोविड पॉजिटिव मरीज के बारे में जानकारी मिली है और उसका नमूना जीनोम अनुक्रमण के लिए भेजा गया है. चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि स्थिति नियंत्रण में है और मरीज घर में क्वारंटाइन में है.'' बता दें कोरोना को लेकर राज्य सरकार अलर्ट पर है. सरकार ने अस्पतालों में भी मास्क अनिवार्य कर दिया है.

## सेंटा क्लॉज की टोपी न पहनने पर कर्मचारी को जॉब से निकाला

**आगरा।** आगरा में एक कर्मचारी को मैनेजर ने महज इसलिए नौकरी से निकाल दिया कि उसने सेंटा क्लॉज की ड्रेस नहीं पहनी. मैनेजर ने कर्मचारी को सेंटा क्लॉज की ड्रेस पहन कर फोटो खिंचवाने के लिए कहा था. कर्मचारी ने मैनेजर के कहने पर टोपी पहन कर फोटो खिंचवाई, लेकिन कुछ देर बाद सेंटा क्लॉज की टोपी उतार कर नीचे रख दी. आरोप है कि इसी वजह से अमित को नौकरी से निकाल दिया गया. दरअसल, यह मामला आगरा के राजपुर चुंगी चौराहे पर स्थित वी बाजार का है. वी बाजार में काम करने वाले अमित कुमार ने बताया कि वह करीब 1 महीने से वी बाजार में नौकरी कर रहा था. 23 दिसंबर को मार्ट के मैनेजर ने उसे सैंटा क्लॉज की टोपी पहन कर फोटो खिंचवाने के लिए कहा. फोटो खिंचवाने के बाद उसने टोपी उतार कर रख दी. इस पर मैनेजर ने उसे बुलाया और कहा कि उसे सैंटा क्लॉज की टोपी पहनकर बैठना होगा. अमित ने इस बात पर आपत्ति जताई तो उसे नौकरी से हटा दिया गया.

**पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज**-अमित का आरोप है कि उसे सैलरी भी नहीं दी गई. मामले की जानकारी मिलने के बाद यूथ ब्रिगेड के पदाधिकारी वी बाजार पहुंच गए. उन्होंने शोरूम के बाहर हंगामा कर दिया. हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई. पुलिस अधिकारियों ने समझा-बुझाकर हंगामा कर रहे




लोगों को शांत कराया. कर्मचारी से मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने मैनेजर सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है. पुलिस अधिकारी डीसीपी सिटी विकास कुमार का कहना है कि थाना सदर में एक डिपार्टमेंटल स्टोर वी बाजार है, जहां कि ये पूरी घटना बताई जा रही है. उनके द्वारा तहरीर दी गई है, जिसमें उन्होंने बताया है कि सेंटा क्लॉज की ड्रेस न पहनने पर डिपार्टमेंटल स्टोर चलाने वाले लोगों ने उनको निकाल दिया है. इस पर तीन लोगों को खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है. तथ्यों की जांच की जा रही है, जो भी तथ्य मिलेंगे उसके मुताबिक विवेचना का निस्तारण किया जाएगा.

## हरिद्वार में कोरोना को लेकर सख्त पुलिस प्रशासन

**नई दिल्ली।** का प्रकोप एक बार फिर बड़े पैमाने पर नजर आ रहा है. चीज के साथ ही कई देशों में कोरोना के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है. कई लोगों की जान भी चली गई है. भारत सरकार कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सतर्क नजर आ रही है और अपनी तैयारियों में जुट गई है. उत्तराखंड सरकार द्वारा कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सभी जिले के अधिकारियों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है. हरिद्वार और हर की पौड़ी पर आने वाले श्रद्धालुओं को पुलिस मास्क लगाने को लेकर जागरूक कर रही है. वहीं संत समाज भी लोगों से अपील कर रहे हैं कि भारत सरकार द्वारा जो गाइडलाइन बनाई गई है, उसका पालन किया जाए. हरिद्वार में देश और विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगाने आते हैं. इस वक्त भी हरिद्वार में काफी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं. इसको देखते हुए पुलिस द्वारा लाउडस्पीकर से यात्रियों को मास्क पहनने के लिए जागरूक किया जा रहा है.

**साधु-संतों ने की ये अपील**-एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार का कहना है कि हर की पौड़ी और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में मास्क के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है. इसमें साधु-संतों और सामाजिक संस्थाओं का भी हमें सहयोग मिल रहा है. हम लोगों से अपील करते हैं कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में मास्क पहनकर ही निकलें. वहीं निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर और वरिष्ठ संत स्वामी कैलाशानंद गिरी ने भी लोगों से अपील की और भारत सरकार द्वारा कोरोना के नियम का पालन करने और भीड़ वाले इलाकों में जाने से बचने की अपील की.

## यूपी में शीतलहर का कहर जारी

पारा के कई डिग्री गिरने के कारण कड़ाके की ठंड ने उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत के हिस्सों को अपने आगोश में लिया है. इस क्षेत्र के शहरों और कस्बों में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया. वहीं, यूपी समेत पूरे उत्तर भारत बीते दो दिनों से शीतलहर की चपेट में है. वहीं राज्य के ज्यादातर हिस्से में सोमवार को भी घना कोहरा छाए रहने की उम्मीद है. लखनऊ समेत उत्तर-पूर्वी और दक्षिणी इलाकों में रविवार को घना कोहरा छाए रहा. वहीं इन इलाकों में सोमवार को भी छाना कोहरा छाए रहने की संभावना है. साथ ही तापमान में गिरावट के कारण सर्दी का असर भी बढ़ गया है. वहीं अगर अन्य जिलों की बात करें तो मौसम विभाग के मुताबिक महाराजगंज, देवरिया, संत कबीर नगर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, अमरोहा के अलावा राज्य के पश्चिमी इलाकों में सोमवार को कोहरा छाए जाने की संभावना है.

**अगले 24 घंटे तक छाया रहेगा घना कोहरा**-मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक कि अगले तीन दिन सर्दी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं. लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम केन्द्र के प्रभारी मोहम्मद दानिश ने इस संबंध में जानकारी दी है. उन्होंने बताया, ÷राज्य के ज्यादातर उत्तर-पूर्वी और दक्षिणी इलाकों में सुबह-शाम घना कोहरा पड़ रहा है. नमी बढ़ने के कारण प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में सर्दी का असर बढ़ गया है.




## यूपी में निकाय चुनाव का रास्ता साफ बिना ओबीसी आरक्षण के होगा इलेक्शन

यूपी नगर निकाय चुनाव को लेकर मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है. जिसके बाद राज्य में निकाय चुनाव का रास्ता साफ हो गया है. कोर्ट ने अपने फैसले में साफ तौर पर कहा है कि राज्य में इस बार निकाय चुनाव बिना ओबीसी आरक्षण के होगा. इस मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने फैसला सुनाया है. निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने फैसला मंगलवार को सुना दिया है. हालांकि इस दौरान कोर्ट ने राज्य सराकर को झटका देते हुए ड्राफ्ट नोटिफिकेशन को खारिज कर दिया है. वहीं कोर्ट ने बिना ओबीसी आरक्षण के ही राज्य में चुनाव कराने का फैसला सुनाया है. इससे पहले हाई कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान अपना फैसला सुरक्षित रखा था. जिसके बाद कोर्ट द्वारा मंगलवार को सुनवाई की अगली तारीख तय की गई थी.

**बिना ओबीसी आरक्षण के हो सकता है चुनाव**-कोर्ट ने कहा कि चुनाव में ओबीसी आरक्षण ट्रिपल टेस्ट के आधार पर दिया जाएगा. ट्रिपल टेस्ट के बिना कोई ओबीसी आरक्षण नहीं हो सकता है. यह निर्णय न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ ने इस मुद्दे पर दाखिल 93 याचिकाओं पर एक साथ पारित करते हुए दिया है. जिसके बाद माना जा रहा है कि अब इसपर मुख्य फैसला सरकार और आयोग के हाथ में है. कोर्ट ने अपने फैसले में सरकार को तुरंत चुनाव कराने का निर्देश दिया है. हालांकि कोर्ट ने एससी और एसटी आरक्षक के साथ चुनाव कराने की बात कही है. कोर्ट के इस फैसले के बाद अब ओबीसी आरक्षण वाली सभी सीटें सामान्य होंगी. अब कोर्ट के इस फैसले के बाद संभावना है कि जनवरी में चुनाव हो सकता है. हालांकि अगर राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट नहीं जाती है, तब ही ऐसा संभव होगा.

# यूपी में हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम की शुरुआत

देश में कोरोना के नए वेरिएंट की आहट को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं. सीएम योगी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग का अलर्ट मोड पर रखा गया है. जिसे देखते हुए मेडिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट ने बड़ा कदम उठाया है. इसके तहत प्रदेश के 22 राजकीय मेडिकल कॉलेजों में हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम की शुरूआत की गई है. डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की मौजूदगी में इसे शुरू किया गया.

इस व्यवस्था से मरीजों को राहत देने के साथ-साथ कोरोना प्रबंधन में भी मदद मिलेगी. इसका फायदा ये होगा कि मरीजों को इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा और मेडिकल कॉलेजों में भी भीड़ कम होगी. डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि इस सॉफ्टवेयर से मरीजों के रजिस्ट्रेशन, भर्ती, डिस्चार्ज, एंबुलेंस, खाना, दवाइयां, डॉक्टरों का विवरण और उपलब्धता समेत तमाम अहम जानकारियों को ऑनलाइन कर दिया जाएगा. मरीज फोन के प्ले स्टोर से सॉफ्टवेयर को डाउनलोड करके ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं. इससे उन्हें अस्पताल में जाकर लाइन नहीं लगनी पड़ेगी.

**मरीजों को ऑनलाइन मिलेगी सारी जानकारी**-मरीज को अस्पताल में किस दिन कौन से डॉक्टर की उपलब्धता है सारी जानकारी ऑनलाइन मिल जाएगी. रोगी सभी तरह के शुल्क



का भुगतान भी ऑनलाइन कर सकेंगे. इस सॉफ्टवेयर से सभी मेडिकल जांच या दवाइयों के पर्चे खो जाने पर मरीज सॉफ्टवेयर से अपना हेल्थ कार्ड खुद मोबाइल से निकाल सकेंगे. हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को उपलब्ध होने वाली सुविधाएं जैसे एंबुलेंस, बेड अलॉटमेंट, लिनेन, खाना आदि का रिकॉर्ड भी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा. अब तक प्रदेश के 12 राज्य मेडिकल कॉलेजों, चिकित्सा संस्थानों और विश्वविद्यालयों में यह व्यवस्था चल रही थी. आज विभाग ने 22 और मेडिकल कॉलेजों मे इसकी शुरुआत की. उन्होंने कहा जल्द ही प्रदेश के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों, चिकित्सा शिक्षा के संस्थानों में इसे लागू कराएंगे. इस अवसर पर प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, सचिव चिकित्सा शिक्षा श्रुति सिंह भी मौजूद रहे.

## यूपी बीजेपी में नई टीम के लिए हलचल तेज

उत्तर प्रदेश में बीजेपी की नई टीम को लेकर चर्चाएं तेज होती जा रही हैं. अब नगर निकाय चुनाव अगर और टलता है तो बीजेपी जनवरी में राज्य के लिए नई टीम का एलान कर सकती है. इससे पहले बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा लखनऊ आएंगे. इस दौरान चुनाव से लेकर संगठन तक तमाम मुद्दों पर चर्चा होगी. जनवरी में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बी एल संतोष यूपी में प्रवास करेंगे. बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष आगामी लोकसभा चुनाव के चलते यूपी में प्रवास करेंगे. इसके अलावा वे निकाय चुनाव और राज्य में नई टीम के गठन पर भी चर्चा करेंगे. इस दौरान लखनऊ में सरकार और संगठन के बीच समन्वय बैठक भी होगी. प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कौन होगा शामिल- यूपी में बीजेपी की नई टीम को लेकर पहले ही प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बयान दिया था. तब उन्होंने कहा था, नई टीम का गठन निकाय चुनाव पर निर्भर है. अगर हाईकोर्ट का फैसला आने से निकाय चुनाव टलता है तो नई टीम का गठन जनवरी में होगा. लेकिन अगर चुनाव नहीं टला तो उसके बाद एलान किया जाएगा. इस टीम में कुछ पुराने चेहरों को रखा जाएगा और कुछ नए लोगों को शामिल किया जाएगा. वहीं दूसरी ओर बीजेपी अध्यक्ष के दिल्ली आने पर निगम आयोग और बोर्ड में नियुक्तियों को लेकर भी चर्चा होगी. अभी संभावना जताई जा रही है कि जनवरी के पहले हफ्ते में राष्ट्रीय अध्यक्ष का ये दौरा हो सकता है. हालांकि पार्टी की ओर से इसकी डेट को लेकर कोई अभी तक अधिकारिक सूचना नहीं दी गई है. इससे पहले लखनऊ में सोमवार को बीजेपी के प्रदेश इकाई की बैठक हुई थी. जिसमें बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री समेत कई बड़े नेता शामिल हुए.

## यूपी निकाय चुनाव पर कोर्ट के फैसले के बाद भड़के राम गोपाल यादव

यूपी में नगर निकाय चुनाव को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट का मंगलवार को फैसला आ गया है. कोर्ट के फैसले के बाद अब राज्य में निकाय चुनाव का रास्ता साफ हो गया. लेकिन इसी बीच बीजेपी सरकार पर विरोधी दलों ने जोरदार हमला बोला है. अब समाजवादी पार्टी के राष्टीय महासचिव राम गोपाल यादव ने प्रतिक्रिया दी है. राम गोपाल यादव ने अपनी प्रतिक्रिया ट्विटर के जरिए ट्वीट कर दी. उन्होंने ट्वीट कर लिखा, निकाय चुनावों में ओबीसी का आरक्षण खतम करने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण. उत्तर प्रदेश सरकार की साजिश. तथ्य न्यायालय के समक्ष जानबूझकर प्रस्तुत नहीं किए. उत्तर प्रदेश की साठ फीसदी आबादी को आरक्षण से वंचित किया. ओबीसी मंत्रियों के मुंह पर ताले. मौर्या की स्थिति बंधुआ मजदूर जैसी. दूसरी ओर सपा के मीडिया सेल ने लिखा, पिछड़ा विरोधी भाजपा का असली चेहरा आज सामने आ गया है. भाजपा यादव विरोधी तो थी ही, भाजपा ने कुर्मी, कोइरी, लुहार, भुर्जी, कश्यप, निषाद, मल्लाह ,गोंड, धुरिया, नाई, तेली, मौर्य, शाक्य, कुशवाहा समेत सभी अन्य पिछड़ा वर्ग सबको धोखा दिया है. समस्त पिछड़ा वर्ग भाजपा की नीयत जान ले. जबकि अखिलेश यादव ने कहा, आज आरक्षण विरोधी भाजपा निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के विषय पर घड़ियाली सहानुभूति दिखा रही है. आज भाजपा ने पिछड़ों के आरक्षण का हक छीना है,कल भाजपा बाबा साहब द्वारा दिए गये दलितों का आरक्षण भी छीन लेगी. आरक्षण को बचाने की लड़ाई में पिछडों व दलितों से सपा का साथ देने की अपील है.

# अवैध कब्जे को लेकर मस्जिद पर कार्रवाई करने पहुंचा प्रशासन

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में जमीन पर अवैध कब्जा कर मस्जिद बनाने के मामले में जिला प्रशासन बड़ी कार्रवाई करने पहुंचा, लेकिन पूर्व सपा विधायक हाजी जमीर उल्लाह खान मस्जिद बचाने पहुंच गए. 10 लाख रुपए में मस्जिद पर बुलडोजर नहीं चलाने के लिए रकम तय हुई. वहीं एसडीएम कोल संजीव ओझा ने भी जब दोनों पक्षों में समझौता की बात हो जाना पाया गया, तो मस्जिद पर बुलडोजर चलाने से रोक दिया. दरअसल, यह मामला 2007 का है, जब शाहपुर कुतुब इलाके में शंकरलाल ने गाटा संख्या 3082 को दीपक नाम के व्यक्ति को बेच दिया. फिर उसी जमीन का बैनामा 2010 में अफजाल नाम के व्यक्ति को कर दिया, हालांकि जब जमीन पर दीपक कब्जा करने आए, तो विवाद हो गया और इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की गई. बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री के आदेश पर सोमवार को एसडीएम कोल, तहसीलदार जमीन को कब्जा मुक्त कराने पहुंचे. इस जमीन के कुछ हिस्से पर मस्जिद भी बनी है. एसडीएम ने यहां हुए निर्माण पर बुलडोजर चलवा दिया. जिसके बाद पूर्व एमएलए हाजी जमीर उल्लाह खान ने आकर कार्रवाई रुकवा दी.

**एक शख्स को हिरासत में लिया गया**-जब इसकी जानकारी समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलए हाजी जमीर



उल्लाह खान को हुई, तो मौके पर पहुंच गए. उन्होंने बताया कि जो सही मालिक है वह जमीन के पैसे ले ले और मस्जिद को न तोड़े. वही हाजी जमीर उल्लाह ने बताया कि जमीन के मालिक दीपक से समझौता हुआ है और 10 लाख रुपए में तय हुआ है कि मस्जिद को तोड़ा नहीं जाएगा. इसको लेकर दूसरी पार्टी को चेक भी दिया गया है. वहीं इस मामले में बताया जा रहा है कि मुकेश नाम के व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया है, जो फर्जी बैनामा कराने का काम करता है. मौके पर पहुंचे अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर निर्माण तोड़ा जा रहा है. सपा के पूर्व विधायक हाजी जमीर उल्लाह खान ने बताया कि ऐसा कोई आदेश दिखाया नहीं गया. उन्होंने कहा कि अधिकारी चोट्टे हो गये है. जो गलत बैनामा कराने में सहयोग देते हैं. मौके पर पहुंचे एसडीएम कोल संजीव ओझा ने बताया कि मस्जिद को लेकर कोई मामला नहीं है. गाटा संख्या 3082 पर भू माफियाओं द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया था. जिसे हटवाया गया है. उसी के एक हिस्से पर मस्जिद बनाई गई थी. दोनों पक्षों में जमीन को लेकर समझौता हो गया. वहीं गलत बैनामा के आधार पर मस्जिद बनाई गई. इसको लेकर एफआईआर भी की गई थी. जिसमें एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है.

# मुंह मीठा करने के लिए बनाएं झटपट ये मिठाई, मिनटों में हो जाएगी तैयार

त्योहार का मजा बिना मीठे के अधूरा लगता है। लेकिन समय की कमी और भागदौड़ के बीच अगर आपने अभी तक कोई तैयारी नहीं की है। तो मिनटों में तैयार हो जाने वाले कलाकंद को



बना लें। वैसे भी कलाकंद मिठाई बहुत से लोगों की पसंदीदा होती है। तो अगर आपके घ? त्योहार पर मेहमान भी आने वाले हैं तो आप उन्हें आराम से कलाकंद परोस सकती हैं। मात्र तीन से चार सामग्री से बनकर तैयार कलाकंद बनाने की सामग्री 250 सौ ग्राम पनीर, 200 ग्राम खोवा, आधा कप दूध, एक कप चीनी, आधा कप कंडेस्ड मिल्क, इलायची पाउडर, ड्राई फ्रूट्स, देसी घी एक चम्मच। कलाकंद बनाने की विधि कलाकंद बनाने के लिए सबसे पहले पनीर को किसी बर्तन में अच्छी तरह से कद्दूकस करके मैश कर लें। जिससे कि पनीर में गांठ ना रह जाएं। अब साथ में खोवे को भी मसल लें। अच्छी तरह से हाथों से दोनों को मिला लें। गैस पर कड़ाही गर्म करें। एक चम्मच देसी घी डालें और पनीर के साथ खोवे के मिश्रण को कड़ाही में डालकर चलाएं। बिल्कुल धीमी आंच पर इस मिश्रण को भून लें। इसे लगातार चलाते रहें, नहीं तो कड़ाही की तली में लगने का डर रहता है। जब ये अच्छी तरह से भुनकर मुलायम हो जाए। तब इसमे कंडेस्ड मिल्क और आधा कप दूध डाल दें। इसे अच्छी तरह चलाकर सुखाएं। जब कंडेस्ड मिल्क और दूध भी गाढ़ा होने लगे तो इसमे चीनी डाल दें। चीनी डालकर तेजी से चलाएं और सारी चीजों को मिक्स करें। जब मिश्रण पूरी तरह से सूख जाए तो इसमे इलायची पाउडर डालें और गैस बंद कर दें। अब किसी बड़ी ट्रे या थाली में घी लगाएं। भुने हुए मिश्रण को इसमे पलट दें। और ठंडा होने के लिए छोड़ दें। ऊपर से ड्राई फ्रूट्स छिड़कना ना भूलें। हल्का ठंडा होने पर ही मनचाहे आकार में काट लें। बस ठंडा होते ही इन्हें किसी डिब्बे में निकालकर रख लें और सबको खाने को दें।

# तेजी से सफेद हो रहे हैं बाल? यह कोविड-19 का साइड-इफेक्ट तो नहीं, जानिए अध्ययन में क्या पता चला

कम उम्र में कई कारणों से बढ़ती बालों की समस्या, एक बड़े चुनौती के तौर पर उभर रही है। 20-30 की आयु वालों में बालों के झड़ने, बालों की कमजोरी और विकास में कमी जैसी कई तरह की दिक्कतें देखी जा रही हैं। बालों के सफेद होने की समस्या भी युवाओं में बड़े परेशानी का कारण बनी हुई है। एक हालिया अध्ययन में शोधकताओं की टीम ने पाया कि कोविड-19 संक्रमण के दुष्प्रभाव की स्थिति में भी लोगों में सफेद बालों की दिक्कत बढ़ती जा रही है। अगर आपको भी पिछले एक से डेढ़ साल में बालों की सफेदी बढ़ती हुई महसूस हो रही है तो संभव है कि यह कोविड-19 के कारण होने वाला दुष्प्रभाव है, इस बारे में किसी विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें। कोरोनावायरस के कारण होने वाली समस्याओं को लेकर अध्ययन कर रही शोधकताओं की टीम ने बताया कि कोविड-19 के कारण लोगों में कई प्रकार की दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ा हुआ देखा जा रहा है। संक्रमण का शिकार रह चुके लोगों में बालों से संबंधित भी कई तरह की दिक्कतें देखी जा रही है, बालों का सफेद होना या झड़ना भी उनमें से एक है। बहुत से लोगों ने कोविड-19 के गंभीर संक्रमण से ठीक होने के बाद बालों के झड़ने और सफेद होने की शिकायत की है। आइए जानते



हैं कि कोरेना का संक्रमण बालों की सेहत को किस प्रकार से प्रभावित करता है और इससे बचाव के लिए क्या किया जा सकता है? कोविड-19 के कारण बढ़ती बालों की समस्या कोविड-19 के दुष्प्रभावों को जानने के लिए किए जा रहे अध्ययन में वैज्ञानिकों की टीम ने पाया कि संक्रमितों में बालों से संबंधित समस्याओं की एक श्रृंखला हो सकती है। संक्रमण से ठीक हो चुके लोगों में एलोपीसिया और बालों के सफेद होने की दिक्कत देखी जा रही है। एक्सपेरिमेंटल डमेटोलॉजी जर्नल में साल 2020 में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है कि गंभीर कोविड-19 के कारण यह समस्या बढ़ी है। वायरस शरीर में प्रवेश करने के साथ प्रतिरक्षा प्रणाली पर अटैक करता है, इससे बालों को रंग देने वाले हार्मोन्स भी प्रभावित होते देखे गए हैं। बालों के झड़ने की समस्या कोविड-19 के बाद बालों के सफेद होने के साथ-साथ बालों के झड़ने की भी दिक्कत देखी जा रही है। अध्ययनकर्ता में से एक हेलेना कुव्ह कहती हैं, कोविड-19 के कारण बालों के झड़ने की जो समस्या देखी जा रही है इसे टेलोजेन एफ्लुवियम कहा जाता है। यह शरीर के अचानक होने वाली प्रतिक्रिया और इससे क्षति की स्थिति है। सामान्य परिस्थितियों में कई कारकों के चलते 5 से 10 प्रतिशत बालों को क्षति होती है लेकिन टेलोजेन एफ्लुवियम के साथ यह खतरा बढ़कर 30% से अधिक हो सकता है। लॉन्ग कोविड की समस्या के तौर पर भी लोगों में बालों से संबंधित दिक्कत देखी जा रही है। क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ? त्वचा रोग विशेषज्ञों का कहना है कि कोविड-19 और इसके कारण उत्पन्न स्थितियों ने लोगों में फाइटिंग रिस्पॉस पैदा कर दिया है। इस स्थिति में नॉरपेनेफ्रिन नामक एक हार्मोन रिलीज होता है जिससे बाल सफेद हो सकते हैं। इस हार्मोन के कारण बालों से संबंधित अन्य कई प्रकार के विकारों के मामले भी बढ़ते हुए देखे गए हैं। कई लोगों में लॉन्ग कोविड की समस्याओं के रूप में भी बालों की दिक्कत देखी गई है। संक्रमण से ठीक हो चुके लोगों को इस तरह के लक्षणों को लेकर ध्यान देने और समय रहते डॉक्टरी सलाह लेने की सलाह दी जाती है। कोविड-19 के बाद बाल सफेद हो रहे हों या झड़ रहे हों तो क्या करें? डॉक्टर्स कहते हैं यदि संक्रमण से ठीक होने के बाद आपको भी बालों से संबंधित समस्याओं का अनुभव हो रहा है तो इस बारे में तुरंत किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ की सलाह ले लें। कई लोगों में बढ़े हुए तनाव के कारण भी बालों की समस्या देखी जा रही है, ऐसे में डॉक्टर स्थिति का सही पहचान कर उसका इलाज कर सकते हैं।

# महिलाओं में आर्थराइटिस का खतरा होता है अधिक

## इन आसनों के अभ्यास से पा सकते हैं लाभ



बिगड़ी जीवनशैली के कारण पिछले दो दशकों से आर्थराइटिस यानी गठिया की समस्या बढ़ती जा रही है। जोड़ों में सूजन और दर्द की यह समस्या जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती है। आंकड़ों के मुताबिक, दुनियाभर में करोड़ों लोग आर्थराइटिस की समस्या के शिकार हैं। भारत में आर्थराइटिस के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, शारीरिक निष्क्रियता और आहार में गड़बड़ी के कारण गठिया को जोखिम बढ़ जाता है। महिलाओं में आर्थराइटिस की समस्या तेजी से बढ़ रही है। घर के कामकाज के दौरान खड़े होने, बैठने व झुकने में उन्हें दिक्कत होती है। ऑफिस में डेस्क वर्क करने वाली महिलाओं को भी जोड़ों का दर्द हो सकता है। ऐसे में शरीर को लचीला बनाए रखने और आर्थराइटिस की समस्या से बचाव के लिए नियमित कुछ फायदेमंद योगासनों का अभ्यास करना चाहिए। ये रहे महिलाओं को आर्थराइटिस के खतरे से बचाने के लिए लाभदायक योगासन। वीरभद्रासन योग शरीर के अंगों की बेहतर स्ट्रेचिंग करने के लिए वीरभद्रासन काफी फायदेमंद योगासन है। योग विशेषज्ञों के मुताबिक, क्रोनिक ऑस्टियोआर्थराइटिस के लक्षणों को कम करके यह योगासन बाह, पीठ के निचले हिस्से और पैरों को मजबूत बनाता है। वीरभद्रासन योगाभ्यास उन लोगों के लिए बेहद फायदेमंद है जो डेस्क पर लंबे समय तक काम करते हैं। वृक्षासन योग मांसपेशियों को मजबूत बनाने और रक्त संचार को बेहतर करने के लिए वृक्षासन योग का अभ्यास लाभकारी है। इसका नियमित अभ्यास गठिया की समस्या से लंबे समय तक सुरक्षित रखने में सहायक होता है। जिन लोगों को गठिया की समस्या है, उनके लिए वृक्षासन योग करना बहुत कठिन हो सकता है। लेकिन रक्त परिसंचरण, शरीर के संतुलन में सुधार और एकाग्रता के लिए वृक्षासन का अभ्यास करना चाहिए। कोबरा पोज रीढ़ और कमर की हड्डी को मजबूती देने और उन्हें लचीला बनाए रखने के लिए कोबरा पोज योग का अभ्यास फायदेमंद हो सकता है। कोबरा पोज शरीर को पूर्ण आराम देने के साथ, ऊतकों और कोशिकाओं को ठीक रखने, मस्तिष्क को तनाव मुक्त रखने और शरीर में संतुलन बनाए रखने में कोबरा पोज योग को बहुत फायदेमंद माना जाता है। सेतुबंधासन योग गठिया की समस्या से बचाव में सेतुबंधासन या ब्रिज पोज योग का अभ्यास बेहतर माना जाता है। इस योग को करने से रक्त परिसंचरण में सुधार होता है और गर्दन, रीढ़, छाती और कूल्हों की बेहतर स्ट्रेचिंग हो पाती है। आर्थराइटिस के लक्षणों को कम करने के लिए सेतुबंधासन योग का नियमित अभ्यास करें।



# कॉफी पसंद करते हैं तो जरूर बनाएं कॉफी से बनी ये स्पेशल रेसिपी

कॉफी पीने के शौकीन अच्छी तरह समझते हैं कि कॉफी केवल एक ड्रिंक नही है। कॉफी के एक घूंट से ही बहुत लोगों का तनाव दूर हो जाता है। सुबह जल्दी उठने से लेकर काम की थकान को दूर करने के लिए लोग कॉफी पीना बेहद पसंद करते हैं। वैसे कॉफी को इतना पसंद किए जाने की वजह से ही इससे काफी सारी डिश तैयार की जाती है। जिसे सब पसंद करते हैं। अगर आप कॉफी लवर हैं और इंटरनेशनल कॉफी डे को सेलिब्रेट करना चाह रहे हैं तो इन पांच तरह की रेसिपी को ट्राई करें। कॉफी का मजा दोगुना हो जाएगा। कोल्ड कॉफी तो आपने कई बार पी होगी। लेकिन इस बार घर में बनाएं फ्रैपी। ढेर सारे झाग के साथ बनीं ठंडी-ठंडी इस कोल्ड ड्रिंक को बनाना कुछ मुश्किल नही है। बस इसके लिए जरूरत है इंस्टेंट कॉफी, ठंडा पानी, चीनी और दूध। दूध में चीनी और कॉफी को मिक्स करके अच्छी तरह से ब्लेंड करें। जितना ज्यादा इसे ब्लेंड करेंगे, उतना ही कॉफी में झाग बनेगा। और बस तैयार है फ्रेपी, घर बैठे टेस्टी फ्रैपी का लुत्फ उठाईए। चॉकलेट कॉफी ट्रफल कॉफी केवल पीने के काम ही नहीं आती बल्कि इससे काफी सारी डिश तैयार की जाती है। खासतौर पर चॉकलेट के साथ कॉफी के कॉम्बिनेशन को बहुत लोग पसंद करते हैं। चॉकलेट ट्रफल केक में कॉफी का फ्लेवर चॉकलेट के एक्स्ट्रा स्वीट फ्लेवर को बैलेंस करता है। जिसे कॉफी पसंद करने वाले हमेशा पसंद करते हैं। तो इस चॉकलेट ट्रफल केक को कॉफी के हिंट के साथ आप भी घ? में तैयार कर सकती हैं। डेलगोना कॉफी डेलगोना कॉफी का नाम तो लॉकडाउन में जमकर ट्रेंड हुआ था। शायद ही कोई बचा हो जिसने डेलगोना कॉफी को बनाकर ट्राई ना किया हो। चीनी और कॉफी को फेंट कर गर्म दूध या फिर ठंडे दूध के ऊपर डालकर डैलगोना कॉफी तैयार की जाती है। डैलगोना कॉफी का नाम साउथ कोरिया की टॉफी के नाम पर पड़ा। जिसका नाम 'डैलगोना' ही है। फिल्टर कॉफी कॉफी की सारी रेसिपी हॉट कॉफी के बिना अधूरी ही है। फिल्टर कॉफी का स्वाद कॉफी पसंद करने वालों के बीच हिट रहता है। तो इंटरनेशनल कॉफी डे को सेलिब्रेट करना है फिल्टर कॉफी जरूर बनाएं।

### पहले माथे पर किया किस फिर गले भी लगाय



सलमान खान ने अपने 57वां बर्थडे पर बीती रात पार्टी दी थी. इस पार्टी में इंडस्ट्री के कई सितारे पहुंचे थे. वहीं संगीता बिजलानी भी सलमान खान को विश करने के लिए पहुंची थीं. यूं तो सलमान खान के बर्थडे बैश में फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारे पहुंचे थे लेकिन इन सबमें संगीता बिजलानी ने लाइमलाइट बटोर ली. सलमान खान की अपनी एक्स गर्लफ्रेंड के साथ तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं.

# जरूरी उपाय है मुफ्त राशन योजना



**अजीत रानाडे**

भोजन का अधिकार वैधानिक अधिकार है, मौलिक अधिकार है या मानवाधिकार? भारत ने भी 1966 के आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों की घोषणा पर हस्ताक्षर किया है, जिससे भोजन का अधिकार निकला है. इस प्रकार इस अधिकार में सीमाओं से परे मानवाधिकार होने के तत्व हैं. भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इसे संविधान के अनुच्छेद 21 (सम्मान से जीवन का अधिकार), 39 (ए) और 47 से जोड़ते हुए एक मौलिक अधिकार माना है. नीति निर्देशक तत्व के हिस्से अनुच्छेद 39 (ए) में जीवनयापन के समुचित साधन मुहैया कराने तथा अनुच्छेद 47 में पोषण और जीवन स्तर बेहतर करने के निर्देश राज्यों को दिये गये हैं. आयोग का कहना है कि भूख का अर्थ मौलिक अधिकारों से वंचित करना है. भूख के सबूत के लिए भुखमरी की आवश्यकता नहीं है. संकट को पहले ही पहचान लेना चाहिए. मानवाधिकार आयोग ने सार्वजनिक नीति में व्यापक बदलाव करने तथा सभी नागरिकों के लिए विशेष प्राथमिकता के तौर पर भोजन व पोषण सुनिश्चित करने का आह्वान किया है. भूख और परेशानी को जख्म के रूप में देखा जाना चाहिए तथा ऐसी स्थिति के लिए राज्य को दंडित किया जाना चाहिए. संक्षेप में अगर राजकोष का भारी खर्च भी हो, तब भी भूख मिटाना प्रमुख नीतिगत प्राथमिकता होनी चाहिए. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की दृष्टि मुफ्त राशन कार्यक्रम की अवधि को तीन महीने और बढ़ाने के सरकार के हालिया निर्णय के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो जाती है. इसका अतिरिक्त खर्च 44 हजार करोड़ रुपये होगा. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना राशन दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे अधिक समय तक चलने वाली मुफ्त राशन वितरण योजना होगी, जो 33 माह चलेगी. भोजन के अधिकार के प्रति भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि भोजन मुफ्त में दिया जाना चाहिए, लेकिन भुखमरी से हुई मौतों द्वारा इंगित गंभीर स्थिति ने मुफ्त राशन देना जरूरी कर दिया है. बीस साल पहले भारत में भोजन के अधिकार का अभियान शुरू हुआ था, जिसकी जड़ें सर्वोच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका में थीं. उस याचिका की जरूरत इसलिए पड़ी थी कि सरकारी गोदाम अनाज से भरे थे, लेकिन देशभर में भूख और कुपोषण के सबूत सामने थे. राष्ट्रव्यापी अभियान का एक परिणाम यह हुआ कि 2013 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून पारित किया गया. इस पर कई लोगों, विशेषकर वित्तीय आयामों को लेकर चिंतित लोगों, ने आपत्ति जतायी, जो भारी वित्तीय बोझ को लेकर चिंता जता रहे थे. कुछ कैबिनेट मंत्रियों ने भी सवाल उठाये थे. इस कानून के तहत हर परिवार को प्रति व्यक्ति पांच किलो चावल, गेहूं या ज्वारध्बाजरा क्रमशः तीन, दो और एक रुपये किलो की दर से हर माह देने का प्रावधान है. एक मंत्री ने कहा था कि चूंकि एक किलो चावल पैदा करने में 20 रुपये लगते हैं, पर अब इस कानून के तहत तीन रुपये में एक किलो चावल मिलेगा, तो कोई किसान चावल पैदा करने के लिए क्यों परेशान होगा. यह व्यंग्य नहीं था, बल्कि भारी वित्तीय खर्च की ओर संकेत था. इस कानून के दायरे में ग्रामीण आबादी का तीन-चौथाई हिस्सा तथा शहरी आबादी का आधा हिस्सा आते हैं. यह संख्या लगभग 81 करोड़ है. सबसे गरीब तबके को हर माह प्रति परिवार 35 किलो अनाज अंत्योदय अन्न योजना के तहत दिये जाते हैं. बहुत अधिक अनुदान पर मिलने वाले अनाज के साथ यह संभावना हमेशा रहती है कि लाभार्थी इसे खुले बाजार में बेच दें, पर प्रधानमंत्री अन्न योजना ने अनाज को पूरी तरह मुफ्त कर दिया. अगर खाद्य सुरक्षा कानून के तहत मिलने वाले अनाज को बाजार में बेचा जा सकता है, तो वह संभावना मुफ्त अनाज के साथ भी है. इसे कैसे रोका जा सकता है? प्रधानमंत्री मुफ्त अनाज योजना कोरोना के कारण अप्रैल, 2020 में शुरू हुई थी. भारत जीवनयापन के संकट को व्यापक खाद्य संकट में बदलना नहीं चाहता था. इस योजना से हमें बहुत फायदा हुआ है और आज खाद्य मुद्रास्फीति के दौर में इसने महंगे अनाज के खरीद से भी परिवारों को बचाया है. खाते में निर्धारित नगदी लाभार्थी को मुद्रास्फीति से नहीं बचाती है. इस योजना की अवधि छह बार बढ़ायी गयी है और अब यह दिसंबर, 2022 तक जारी रहेगी. यह वृद्धि हिमाचल प्रदेश और गुजरात के विधानसभा चुनाव को देखते हुए की गयी

# बालाघाट में 4 सरपंच एवं 29 पंच के निर्वाचन के लिए बज गया बिगूल

## 131 पंच निर्विरोध निर्वाचित, 21 पंच के पद रिक्त रह गये

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2022 उत्तरार्ध के लिये निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार बालाघाट जिले में 4 सरपंच एवं 181 पंच के रिक्त स्ड़थानों के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ है। 26 दिसंबर 2022 को नाम निर्देशन पत्र की वापसी के बाद 131 वार्डो के पंच निर्विरोध निर्वाचित हो गये हैं और 21 वार्ड से पंच के निर्वाचन के लिए किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम निर्देशन पत्र नहीं भरा गया है। इस प्रकार अब 05 जनवरी 2023 को 04 सरपंच एवं 29 वार्डो के पंच के निर्वाचन के लिए मतदान कराया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवगोविंद मरकाम ने बताया कि जिले में 04 ग्राम पंचायत लांजी विकासखंड की बोलेगांव, सिरेगांव व बेनेगांव एवं परसवाड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत उकवा के सरपंच तथा 181 पंचों के रिक्त स्थानों के लिए 15 दिसंबर 2022 को अधिसूचना जारी की गई थी। 26 दिसंबर को नाम वापसी के बाद चुनाव मैदान में रह गये प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिया गया है। नाम वापसी के बाद अब जिले में 04 सरपंचों एवं 29 पंचों के निर्वाचन के लिए 05 जनवरी 2023 को मतदान कराया जायेगा। 181 में से 131 पंच निर्विरोध निर्वाचित हो गये हैं और 21 पंच के लिए कोई नाम निर्देशन पत्र प्राप्त नहीं होने के कारण 21 पंच के स्थान रिक्त रह गये है।




**30 मतदान केन्द्रों पर होगा मतदान**– 05 जनवरी 2023 को रिक्त स्थानों के निर्वाचन के लिए कुल 30 मतदान केन्द्र बनाये गये है। सरपंच एवं पंच के निर्वाचन के लिए लांजी विकासखंड के ग्राम बोलेगांव में 03, सिरेगांव में 03, बेनेगांव में 02 एवं सरपंच के निर्वाचन के लिए परसवाड़ा विकासखंड के ग्राम उकवा में 09 मतदान केन्द्र बनाये गये है। पंच के निर्वाचन के लिए लांजी विकासखंड के ग्राम चुरली में (वार्ड नंबर-15) के लिए 01 मतदान केन्द्र, घुसमारा में 03 पंचों (वार्ड नंबर-02, 04, 12) के लिए 02 मतदान केन्द्र, ग्राम दिघोरी में 02 पंच (वार्ड नंबर-13,14) के लिए 01 मतदान केन्द्र, अमेंडा-प में 01 पंच (वार्ड नंबर-03) के लिए 01 मतदान केन्द्र, परसवाड़ा विकासखंड के ग्राम गुदमा में 01 पंच (वार्ड नंबर-04) के लिए 01 मतदान केन्द्र, कटंगी विकासखंड में ग्राम चिचगांव में 01 पंच (वार्ड नंबर-06) के लिए 01 मतदान केन्द्र, ग्राम भजियापार में 02 पंच (वार्ड नंबर-05, 14) के लिए 02 मतदान केन्द्र, बिरसा विकासखंड में ग्राम मानेगांव में 01 पंच (वार्ड नंबर-15) के लिए 01 मतदान केन्द्र, ग्राम सालेटेकरी में 01 पंच (वार्ड नंबर-01) के लिए 01 मतदान केन्द्र, लालबर्रा विकासखंड के ग्राम टेकाड़ी-लो. में 02 पंच (वार्ड नंबर-01,07) के लिए 01 मतदान केन्द्र एवं किरनापुर विकासखंड के ग्राम वारा में 01 पंच (वार्ड नंबर-03) के लिए 01 मतदान केन्द्र बनाया गया है। 04 सरपंच एवं 29 पंच के निर्वाचन के लिए मतदान 5 जनवरी 2023 को निर्धारित मतदान केन्द्रों पर सुबह 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक होगा। पंच पद के लिये मतगणना, मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतदान-केन्द्र में ही होगी। सरपंच की मतगणना 9 जनवरी 2023 को सुबह 8 बजे से विकासखण्ड मुख्यालय पर ईव्हीएम से होगी। सरपंच के परिणाम 9 जनवरी को 2023 को घोषित होंगे। पंच पद के लिये मतदान मतपत्र एवं मतपेटी के द्वारा तथा सरपंच के लिये मतदान ईव्हीएम से कराया जायेगा। पंच एवं सरपंच के निर्वाचन वाले क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावी है।



# उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना अन्तर्गत अकादमिक उत्कृष्टता कार्यक्रम शासकीय महाविद्यालय लांजी में संपन्न

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना अन्तर्गत अकादमिक उत्कृष्टता कार्यक्रम के तहत 27 दिसंबर को शासकीय महाविद्यालय लांजी में राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा विषय विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था प्रमुख प्रो. आर. आर. सोनवाने की अध्यक्षता, मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम संयोजक/सहसंयोजक प्रो. सुरेन्द्र कुमार चिखले एवं प्रो. श्रीमती कांता वर्मा के निर्देशन में कार्यक्रम आहूत किया गया। मुख्य प्रवक्ता प्रो. आनंद खोब्रागड़े सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय किरनापुर के आतिथ्य में सर्वप्रथम मॉ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य प्रवक्ता द्वारा राजनीति शास्त्र विषय की रूपरेखा प्रस्तुत की गई तदोपरान्त राजनीति विषय की उत्पत्ति, विकास, एवं महत्व पर संबंधी समस्याओं एवं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में चर्चा की गई एवं समस्त छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनां देते हुए अपने

### मुख्य प्रवक्ता प्रो. आनंद खोब्रागड़े के द्वारा राजनीति शास्त्र विषय की रूपरेखा पर दिया व्याख्यान

विस्तार से प्रकाश डाला गया। इसी कड़ी में प्रो. खोब्रागड़े के द्वारा राज्य, राष्ट्रराज्य, कल्याणकारी राज्य, सरकार, राजतंत्र एवं लोकतंत्र की स्थापना एवं उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई। अपने उद्बोधन के दौरान प्रो. खोब्रागड़े के द्वारा संविधान की स्थापना उसकी उपयोगिता एवं कानून के महत्व पर प्रकाश डाला गया। व्याख्यान के अंत में मुख्य अतिथी के द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं से परीक्षा व्याख्यान समाप्ति की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष द्वारा मुख्य वक्ता को धन्यवाद प्रेषित करते हुए समस्त छात्र-छात्राओं को इस प्रकार के आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने एवं लाभ लेने के लिए कहा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ देवराज चौरे, डॉ डालेष कुमार विजयवार, ललित कामड़े, साहेबलाल एड़े तथा छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग रहा ।

# अटल जी थे आधुनिक भारत के सच्चे निर्माता, गांव गांव मनाई गई अटल जी की जयंती

**बेताल गौड़ पुष्पांजलि टुडे मौ**

मौं। देश के गौरव भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के 98 बे जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल मौं द्वारा 66 बूथ केंद्रों पर अटल जी का जन्मदिन मनाया गया मौं नगर में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह के नेतृत्व में अस्पताल परिसर में मरीजों को फल वितरित किये गये। एवं अस्पताल परिसर में स्थित मंदिर प्रांगड़ में स्वच्छता अभियान चलाया गया कार्यकर्ताओं ने अटल जी के जन्मदिन को सुशासन एवं सेवा दिवस के रुप में मनाया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पार्टी के जिला मंत्री सेलेन्द सिंह गुर्जर उपस्थित थे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जिला मंत्री सेलेन्द सिंह गुर्जर ने।कहा की अटल जी आधुनिक भारत के सच्चे निर्माता थे उनके प्रधानमंत्री काल में देशभर में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत जिस प्रकार गांव गांव में सड़कों का जाल



बिछाया गया इससे आज ग्रामीण अंचल की अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ है अटल जी भारतीय राजनीति के युगपुरुष थे वो राजनीति में ईमानदारी जनकल्याण एवं आमजन की चिंता करने वाले राजनेता थे इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी ब्वसाय प्रकोष्ट के जिला सहयोंजक सुरेश कुमार छारी द्वारा नगर के वार्ड नंबर 13 गैस एजैंसी पर एंव अल्पसंख्यक मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अमजद खांन द्वारा अपने आवास पर अटल जी का जन्मदिन मनाया गया। एंव फल बिरतण किये भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पर्वत जादोंन के आवास पर किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा अटल जी का जन्मदिन मनाया गया एंव पीएम के मन की बात कार्यक्रम को देखा ।इस अबसर पर मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह मौजूद थे सभी अतिथियों का स्वागत मण्डल महामंत्री सुल्तान मौर्य ने किया। एंव संचालन राजू मिश्रा मण्डल महामंत्री ने किया इसके अलावा अलग-अलग पंचायतों में अलग-अलग बूथ केंद्रों पर बूथ अध्यक्ष एंव प्रभारी की उपस्थिति में अटल जी का जन्मदिन सेवा एवं स्वशासन दिवस के रूप में मनाया गया एबम सेवा कार्य किये गये। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता रघुवीर पवैया फरेन्द सिह सिकरवार रामख्तयार गुर्जर रामू कुशबाह शतीष परिहार सोनू खांन सज्जन सिंह यादव मर्जाद सिंह यादव बीरेन्द यादव फोजी मेहबूब खांन राजू मिश्रा पूरन गोयल बलबीर गोयल अरुण बाल्मिक देविन्द जाटव सन्तोष यादव राजू खांन बोवी बिनोरिया अरुण बाल्मीकि गुप्ता जाटव राहुल गुर्जर आनन्द गुर्जर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिले में ऑनलाइन डिजिटल विकलांग पहचान प्रमाण पत्र बनने मै लग रहा है अधिक समय

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** विकलांग बल के राज्य सचिव प्रोफेसर सौरव बघेल ने गत दिवस अपने विकलांग बन्धुओ के अनुरोध पर जिला अस्पताल भिण्ड का भृमण किया , जिसमें सबसे ज्यादा परेशानी भिण्ड जिले के विकलांग बन्धुओ को विकलांग प्रमाण पत्र बनबाने मै आ रही है। अभी ये प्रमाण पत्र करीब एक से दो महीने मै बन कर विकलांग जन को मिल पा रहे है प्रदेश के अन्य जिलों की अपेक्षा भिण्ड जिले मै ज्यादा समय लग रहा है प्रमाण पत्र बनने मै यह प्रमाण पत्र केवल जिला अस्पताल भिण्ड मै ही बन रहे है। विकलांग बल राज सचिव ने एसडीएम एवं जिलाधीश को ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध भी कई बार किया गया की भिंड जिले के प्रत्येक तहसील स्तर पर दो दिवसीय कैम्प लगबाया जाये जिससे जरूरतमंद विकलांग बन्धुओ का कार्ड जल्दी बन जायेंगे और उनको जिला मुख्यालय भिण्ड तक आने में समस्याओं का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। राज्य सचिव के अनुसार अब विकलांगजन पहचान के लिए भारत सरकार के माध्यम से ऑनलाइन डिजिटल यूनिक डिसेबिलिटी कार्ड बन रहे।



## शहीद वीर नारायण सिंह स्वाभिमान अवार्ड से पंकज मांझी हुए सम्मानित



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

मैनपुर। मैनपुर क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता एवं सक्रिय कांग्रेस नेता पंकज मांझी का रविवार को धमतरी के गो?वाना भवन में भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के द्वारा आयोजित 38 वां संत गुरु घासीदास ज्ञान पर्व प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन सम्मेलन मुख्य मंच में प्रांताध्यक्ष भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसग? जी.आर. बंजारे ज्वाला एवं मुख्य अतिथि भागेश्वर पात्र, कमल किशोर ताम्रकार, डॉ जगन्नाथ बघेल, उपेंद्र कुमार सारथी, अवतार सिन्हा, एमडी साहू, सुश्री हेमलता गजेंद्र, देवेंद्र सिंह, राजकुमार टंडन के मुख्य आतिथ्य में अवार्ड से सम्मानित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेस बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा उपाध्यक्ष पंकज मांझी को उनके समाजिक व उल्लेखनीय कार्यो को लेकर शहीद वीर नारायण सिंह स्वाभिमान सम्मान अवार्ड से सम्मानित करते हुए प्रशस्ती व साल श्रीफल से सम्मान किया गया। युवा नेता पंकज मांझी को शहीद वीर नारायण सिंह स्वाभिमान सम्मान अवार्ड से सम्मानित किये जाने पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष ज्ञापित करते हुए उन्हे बधाई दिये है। इस दौरान बधाई देने वालो में प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस जनक ध्रुव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, युवा कांग्रेस नेता अमित मिरी, श्रवण सतपति, जनपद सभापति भुमिलता यादव अमृत पटेल, सांमत शर्मा,यशवंत मरकाम बंशीलाल साहू, कल्याण साहू, नीलकंठ यादव, मनीष सिन्हा, वालेश मरकाम, भविष्य प्रधान, मुकेश पांडेय, तुलाराम नागेश, सुनील पटेल, यशवंत यादव, वेदराम पांड़े पप्पी यादव बेनुराम मांझी, प्रमोद चक्रधारी,संतोष पटेल सहित क्षेत्रवासियों ने सम्मानित होने पर बधाई दिये है।

# व्यवसाय को विश्वस्तरीय दृष्टिकोण देता है जेबीएन

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।** जेबीएन न केवल समाज के भीतर व्यवसाय के लिए एक मंच है, जो बहुत अच्छा कर रहा है, बल्कि यह समुदाय और विशेष रूप से जैन युवाओं के लिए पेशेवर प्रशिक्षण का मैदान भी है, जो अपने व्यवसायों में विश्व स्तरीय दृष्टिकोण और प्रस्तुति देने में रुचि रखते हैं।जेबीएन

### जीतो बैंगलुरु नार्थ जेबीएन टाइकूंस की बैठक

विजन केवल सदस्यों के व्यवसाय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि देने की भावना में होने के नाते, प्रत्येक सदस्य एक-दूसरे को योगदान देने में मदद करता है, जिसके परिणामस्वरूप समाज की बेहतरी होती है। जीतो बैंगलुरु नार्थ के जेबीएन टाइकूंस की बैठक में संयोजक प्रमोद



बाफना ने यह बात कही।जेबीएन टाइकूंस के अध्यक्ष पंकज जैन ने कहा कि मुझे कोई संदेह नहीं है कि जेबीएन हमारे कल के व्यावसायिक नेताओं को समुदाय और दुनिया भर में तैयार करेगा और मैं समाज के सभी महानुभावों से इस बढ़ते अवसर के लिए भाग लेने और अपने बच्चों को प्रोत्साहित करने का आग्रह करता हूं।उपाध्यक्ष मदन जैन ने बैठक में कहा कि जेबीएन का आधार और कार्य जीतो के पवित्र सिद्धांतों को दर्शाते हैं जो सेवा, ज्ञान और आर्थिक सुदृढ़ता पर आधारित हैं।जीतो बैंगलुरु नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार बैठक में 132 रेफ़रल के माध्यम से करीब।0 लाख का आपसी व्यापार हुआ और टाइकूंस की स्थापना से अब तक 1532 रेफरल के माध्यम से लगभग 20 करोड़ का आपसी व्यापार हुआ। टाइकूंस सचिव कुशाल सोलंकी ने आभार व्यक्त किया।


# अटल जी भारत की सनातनी ऋषि और संत परम्परा के राजनैतिक साधक थे

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** दिलीप मिश्रा ( पूर्व साहित्यकार) से चर्चा अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, और लोकप्रिय संवेदनशील कवि स्व. श्री अटल जी भारत माता के अनमोल रत्नों में एक दमकते हुए रत्न थे। इसी लिए वह भारत रत्न है। अटल जी भारत के पहले कवि और साहित्यकार प्रधानमंत्री भी थे, क्योंकि उनसे पूर्व और उनके बाद आज तक ऐसा प्रधानमंत्री देश को नहीं मिला,

### अटल विश्व का गुरू महान देता विद्या का अभय दान

जो एक संवेदनशील कवि, साहित्यकार, उदार मना, सहष्णुता का अनुपम प्रतीक, और अजातशत्रु व्यक्तित्व का धनी हो। अटल जी भारत की सनातनी रिषि और संत परम्परा के राजनैतिक साधक थे। मुझे गर्व है कि मैं उस ग्वालियर की माटी का अणु अंश हूँ जिस ग्वालियर की पहचान अटल जी से होती है , मुझे इस बात का भी गर्व है कि मैं उस मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर का अविभाज्य अंग हूँ जिस साधना स्थलीय पर कभी अटल जी ने साहित्य साधना की थी। आज ग्वालियर उनको उनके जन्मदिन पर याद कर रहा है। अटलजी याद करने लायक ही व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे । ग्वालियर से उनका गहरा रिस्ता अंतिम समय तक रहा। कल ग्वालियर में स्व. श्री अटल जी का जन्म दिन सभी संस्थाओं, संगठनों, परिवारों से लेकर बड़े बड़े मंचों एवं सरकारी स्तर तक में पूरी गरिमा के साथ मनाया गया। आज भी मनाया जा रहा है। यह ग्वालियर वासियों का अधिकार भी था और एक पुनीत कर्तव्य भी है , पर यहाँ मैं यह कटु सत्य उजागर करना चाहूंगा कि इन्ही अटल जी को ग्वालियर ने 1984 में जब इंदिरा जी की हत्या के बाद नवम्बर 1984 में आम चुनाव हुए तो ग्वालियर के तत्कालीन महाराज श्री मंत माधवराव सिंधिया ने 1.75 लाख मतों से हरा दिया था। एक कुटिल कूटनीति के अनुसार नामांकन समय शाम 4 बजे से कुछ समय पूर्व गुना से ग्वालियर आकर माधवराव जी ने अटल जी के विरुद्ध चुनाव का नामांकन किया था, इतना ही नहीं अटल जी को हराने के लिए साम दाम दंड भेद की घृणित राजनीति की गई । जिंसी नाले की आम सभा पर उन पर जानलेवा हमला किया गया और भारतीय संसद को अटल विहीन करने के लिए उनके ही जन्म स्थल को चुना गया और हराया भी गया। राजतंत्र के आकर्षण ने लोकतंत्र को हरा दिया था। लोग कहेंगे कि आज इन बातों को याद करने का क्या उदेश्य वह इस लिए आवश्यक है कि आज अटल जी के जन्म दिन का जिस प्रकार राजनीति करण किया जा



रहा है वह इस बात की ओर भी इसारा करता है कि ÷राजनीति में कौई स्थाई शत्रु या स्थाई मित्र कभी नहीं होता। ÷ आज अटल जी का जन्म दिन बड़ी धूमधाम से वो ही लोग मना रहे हैं जो लोग कभी अटल जी को 1984 में बड़ी बेरहमी से हरा भी रहे थे । लोकमाता राजमाता विजयाराजे सिंधिया की अटल जी को जिताने की अपील को दरकिनार कर, उस अपील के भी अनेकार्थ निकले गये थे । आज वही अटल जी के जन्म दिन का राजनीति करण कर रहे हैं । इसे शास्त्रों कहते हैं ÷राजनीति वरांगना होती है वह किसी की स्थाई मित्र या स्थाई शत्रु नहीं होती। मध्य प्रदेश में आगामी आम चुनाव की बिसात बिछ गई है और इस बिछात पर अटल जी के जन्मदिन पर ÷गाय और बकरी÷ एक घाट पर पानी पीने पर विवश दिख रहे हैं । सुप्रसिद्ध कवि हरिश्चन्द्र जी ने एक स्थान पर लिखा कि- राजनीति बहु रंग दुखारी , होत सिंह को नाद जोन भारत वन माही, वहाँ बोलत सियार.....! इसे कहते है राजनीति का विद्रुप चरित्र। जीते जी अटल की उपेक्षा करने वाले राजनैतिक चरित्र मरणोपरांत अटल जी के जन्म दिन का राजनीतिकरण करने से भी नहीं चूके । जो चरित्र नायक यह कहते थे कि अटल जी ने ग्वालियर के लिए क्या किया।÷ वही लोग अटल जी के चित्र के सामने उनके आदर्शों पर चलने की शपथ ले रहें हैं। अटल जी की स्मृतियों को जीवित रखने के लिए उनकी स्मारक और म्यूजियम बनाये जा रहे हैं और स्टेशन के पुराने पुल ÷शास्त्री ब्रिज के बगल में बने नये बने आर. ओ. बी. पुल का नाम अटल सेतु रखने से परहेज कर रहे हैं । आज ग्वालियर अपनी जिन एतिहासिक विरासत और महापुरुषों के नाम से पुरे भारत में नहीं पुरे विश्व में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है , उसमें यह भी है कि भारत के सबसे लोकप्रिय राजनेता, संवेदनशील करूण हृदय कवि, भारतरत्न श्री अटल जी ग्वालियर में एक अति मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे थे । ग्वालियर को गौरव है अपनी इस विरासत पर कि यह महानगर, रिषि गालव की तपो भूमि, महारानी लक्ष्मीबाई की बलिदान भूमि और तानसेन की संगीत साधना स्थलीय होने के साथ साथ अटल जी की जन्म भूमि भी है। उनकी स्मृति को स्थाई और भावि पीढ़ी के लिए आदर्श बनाने लिए जमीनी प्रयास किये जाने के लिए गम्भीर और राजनैतिक आडंबर से हट कर स्थाई प्रयास होना चाहिए। जिसमें से एक यह भी है कि ग्वालियर स्टेशन पर बने नये आर ओ बी पुल का नामकरण ÷अटल ब्रिज÷ किया जाना चाहिए और यह प्रयास सरकारी स्तर पर हों या ना हों पर ग्वालियर की आम जनता ही उसे ÷अटल ब्रिज कह कर अपने आप पूर्ण श्रधा के साथ अटल जी के प्रति अपनी सदभावना व्यक्त करे , तभी यह माना जायेगा कि ग्वालियर का आम जनमानस अटल जी के प्रति पूर्णतः श्रधा और सम्मान रखता है ।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478